रोहतक

**शुक्रवार, 16 मई 2025**

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 105
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 42.3
न्यून. 21.5

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 85,530.74 | 1200.18 ▲ |
| निफ्टी | 25,062.10 | 395.20 ▲ |
| **धातु** | **कीमत** | **गिरावट** |
| सोना | 95,050 /- | 1800/- ▼ |
| चांदी | 97,000/- | 1000/- ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.52 | 18 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 63.68/ बैरल | 3.65% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## बीबीएमबी की बैठक में हरियाणा ने अपनी मांग बढ़ाकर रखी

# हरियाणा ने 21 मई से मांगा 10300 क्यूसिक पानी, पंजाब ने किया इनकार

### पंजाब के सिंचाई मंत्री बोले, हरियाणा ने जो मांग रखी, वह किसी भी हाल में संभव नहीं

### गंगवा बोले, आप नेता ओछी राजनीति पर उतरे, पर्याप्त पानी होने पर भी नहीं दे रहे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा और पंजाब के बीच भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड ( बीबीएमबी) के पानी का विवाद हल होने का नाम नहीं ले रहा है। जहां हरियाणा अपने हिस्से का पानी मांग रहा है, वहीं पंजाब भी पानी नहीं दिए जाने की अपनी जिद पर अड़ा हुआ है। गुरुवार को बीबीएमबी की तकनीकी कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में पंजाब सरकार के सेक्रेटरी कृष्ण कुमार और चीफ इंजीनियर शेर सिंह शामिल हुए। वहीं हरियाणा और राजस्थान के अधिकारी भी इस बैठक में शामिल हुए। हरियाणा ने पहले अपनी 8500 क्यूसिक पानी की मांग रखी। इस पर पंजाब सरकार के अधिकारियों ने कहा कि 21 तारीख से उन्हें नए कोटे से पानी मिल जाएगा। इस पर हरियाणा सरकार के अधिकारियों ने कहा कि हमें 10300 क्यूसिक पानी 21 तारीख से दिया जाए, जबकि हरियाणा ने पहले पत्रों से 9525 क्यूसिक पानी की मांग रखी थी। इस पर पंजाब के सिंचाई मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि हरियाणा को इतना पानी दिया जाना संभव नहीं है। हम अपने हक का पानी किसी भी हाल में हरियाणा को नहीं दे सकते। दूसरी तरफ इस मुद्दे पर हरियाणा के लोकनिर्माण व जनस्वास्थ्य विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा का कहना है कि पंजाब में आम आदमी पार्टी के नेता ओछी राजनीति पर उतर आए हैं। पंजाब के पास पर्याप्त मात्रा में पानी है, उसके बाद भी वह हरियाणा को पानी देने से इनकार कर रहा है। गंगवा ने कहा कि पूरा मामला केंद्र और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संज्ञान में है, इसलिए आने वाले वक्त में हर जरूरी कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीबीएमबी के अधिकारियों ने 21 मई से हरियाणा को नए कोटे के हिसाब से पूरा पानी देने का आश्वासन दिया है।



#### भाखड़ा मेन लाइन की क्षमता 11700 क्यूसिक

गोयल ने कहा हरियाणा ने अब अपनी मांग बढ़ाकर रख दी है। इस समय भाखड़ा मेन लाइन जहां से पानी जाना है, उसकी क्षमता 11700 क्यूसिक पानी है। 3000 क्यूसिक पानी पंजाब के लिए चाहिए। 10300 हरियाणा ने मांगा है, जो कि संभव नहीं है। लाइन की रिपेयर का काम चल रहा है। जब हमारे अधिकारियों ने यह बात बीबीएमबी चेयरमैन के सामने रखी तो उनका जवाब था कि वह इस मामले को देख लेते हैं। हरियाणा ने वह बात की है जो संभव नहीं है।

#### 4000 क्यूसिक पानी दे रहे

पंजाब के मंत्री ने कहा कि 4000 क्यूसिक पानी हरियाणा को पंजाब द्वारा मानवता के आधार पर दिया जा रहा है। वह पंजाब का हक है। जब भी हमारी डिमांड होगी तो हम मांग करेंगे, तो हरियाणा को पानी वापस करना होगा। दूसरी ओर, यह लगभग साफ हो गया है कि हरियाणा को 20 मई तक अतिरिक्त पानी नहीं मिल पाएगा, क्योंकि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में चल रहे मामले की अगली सुनवाई 20 मई को है। जबकि 21 मई से हरियाणा को अगले साल के लिए पानी मिलना शुरू हो जाएगा।

#### बीबीएमबी से 3 राज्यों को मिलेगा पानी

बीबीएमबी से हरियाणा, पंजाब और राजस्थान तीन राज्यों को पानी मिलता है। तीनों राज्यों के बीच पानी बटवारा मिलियन एकड़ फीट के अनुसार किया है। चालू वित्त वर्ष में भाखड़ा बांध से पंजाब को 5.512 एमएएफ, हरियाणा को 2.987 एमएएफ और राजस्थान को 3.318 एमएएफ पानी का बंटवारा किया है।पंजाब सरकार के हिसाब से हरियाणा को बांध से 4000 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए। इसी पानी में से हरियाणा दिल्ली को 555 क्यूसेक (300 एमजीडी) पानी देता है। हरियाणा को अगर पर्याप्त पानी नहीं मिलेगा तो दिल्ली को मिलने वाले पानी में भी कटौती तय है।

#### पंजाब सरकार देती है 60% राशि

पंजाब ने जब बीबीएमबी से पिछले सालों में हुए खर्च का हिसाब मांगा तो एक बात साफ हो गई कि नंगल हाइडल चैनल की मरम्मत का पूरा खर्च पंजाब सरकार के खजाने से ही उठाया जा रहा है। वर्ष 2010-11 से 2022-23 के बीच नंगल हाइडल चैनल की मरम्मत पर 32.69 करोड़ खर्च किए गए। इसमें पंजाब का हिस्सा 15.87 करोड़ था, जबकि हरियाणा और राजस्थान का हिस्सा 16.82 करोड़ था, लेकिन इन राज्यों ने इसका भुगतान नहीं किया। हरियाणा में पानी की कमी के कारण, कैथल करनाल में एक और सिरसा में जुड़े चार और सोनीपत में यमुना नहर से जुड़े 27 जलघरों में पानी नहीं है। इस तरह से जल संकट बढ़ता जा रहा है। हरियाणा सरकार लगातार पानी की मांग कर रही है।

# एमपी के मंत्री शाह पर एफआईआर की भाषा से हाईकोर्ट सख्त नाराज

**नई दिल्ली (भाषा)।** कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मध्य प्रदेश के मंत्री के विवादित बयान पर दर्ज एफआईआर की भाषा पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने गुरुवार को मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर को सिर्फ खानापूर्ति बताया। हाईकोर्ट ने कहा कि अब पुलिस जांच की निगरानी कोर्ट करेगा। हाईकोर्ट इस मामले में छुट्टियों के बाद फिर सुनवाई करेगा। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने भी शाह की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि आप हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। आप किस तरह के बयान दे रहे हैं?



**कहा, अब पुलिस की जांच हमारी निगरानी में होगी कर्नल शोफिया पर आपत्तिजनक बयान दिया था शाह ने**

#### हाईकोर्ट की टिप्पणी और राज्य सरकार की दलील

**मध्य प्रदेश सरकार :** महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि कोर्ट के आदेश पर बुधवार शाम 7:55 बजे इंदौर के मानपुर थाने में शाह पर एफआईआर दर्ज कर दी गई। जांच पुलिस कर रही है।

**हाईकोर्ट :** जस्टिस अतुल श्रीधरन ने कहा कि यह किसी हत्या की जांच नहीं है, बल्कि एक आपत्तिजनक भाषण से जुड़ा मामला है। ऐसे में इसमें लंबी जांच की आवश्यकता नहीं है।

#### सुप्रीम कोर्ट ने भी मंत्री को लगाई फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नल सोफिया कुरैशी के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए विजय शाह को फटकार लगाते हुए कहा कि जब देश में ऐसे हालात हैं उस वक्त किसी मंत्री के मुख से निकला एक-एक शब्द जिम्मेदारी भरा होना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने शाह के वकील से कहा, 'आप (याचिकाकर्ता) किस तरह के बयान दे रहे हैं? आप सरकार के एक जिम्मेदार मंत्री हैं।' पीठ में न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल हैं। यह पीठ शुक्रवार को शाह की उस याचिका पर सुनवाई करेगी, जिसमें मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 14 मई के आदेश को चुनौती दी गई है। उच्च न्यायालय ने शाह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था।


**पैरामेडिकल और नर्सिंग में चुनें अपना सुनहरा भविष्य**

विद्यैव बलम्

पैरा मेडिकल पाठ्यक्रम को भारत सरकार एवं राज्य सरकारों / पैरामेडिकल काउंसिल बोर्ड से अनुमोदित /मान्यता प्राप्त हैं।

50 वर्षों के गौरवशाली अतीत वाला एक संस्थान जहाँ 1976 से निरंतर पैरामेडिक्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

**डिप्लोमा कोर्स (प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम)**

- मेडिकल लेबोरेटरी तकनीशियन
- डायलिसिस तकनीशियन
- एक्सरे एवं इसीजी तकनीशियन
- कार्डियो वसकुलर तकनीशियन
- ऑपरेशन थिएटर तकनीशियन
- सनिटेरी इंस्पेक्टर
- सीटी/एमआरआई तकनीशियन
- ओफ्थल्मीक तकनीशियन
- कैथ लैब तकनीशियन
- डेंटल लैब तकनीशियन/हाईजेनिस्ट
- अनेस्थेसिया तकनीशियन
- फिजियोथेरपी योग एवं नेचुरोपेथी

**डिग्री कोर्स (बी.एस.सी. पाठ्यक्रम)**

- B.Sc मेडिकल लेबोरेटरी तकनीशियन (BMLT)
- बैचलर ऑफ फिजियोथेरपी
- रेडियो इमेजिंग तकनीशियन (BRIT)
- ऑप्टोमेट्री
- डायलिसिस तकनीशियन
- कार्डियक केयर तकनीशियन
- ऑपरेशन थिएटर तकनीशियन
- कैथ लैब तकनीशियन
- M.Sc मेडिकल लैबोरेटरी तकनीशियन (MMLT)

FEW SEATS LEFT

**प्रवेश आरंभ 2025** SCAN ME

- भारत के बेंचमार्क (मानक) पैरामेडिकल शिक्षकों द्वारा
- भारत सरकार, राज्य प्राधिकरणों और पैरामेडिकल परिषदों द्वारा मान्यता प्राप्त कार्यक्रम, भारतीय नर्सिंग परिषद और दिल्ली नर्सिंग परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त।
- रक्षा मंत्रालय (सेना, नौसेना, वायु सेना), गृह मंत्रालय और अन्य सरकारी एजेंसियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण प्रदाता।
- कृत्रिम बुद्धिमत्ता और पर्यावरण शिक्षा के साथ संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान पाठ्यक्रम प्रदान करने वाला भारत का पहला संस्थान
- कौशल आधारित मूल्य

**B. VOC. & M. VOC.**
Bachelor/Masters of Vocational Studies

**ANM & GNM**
AUXILIARY /GENERAL : NURSING & MIDWIFERY

**इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हैल्थ एंड हाइजीन**

RZ-A-44 महिपालपुर, नई दिल्ली-37 Email : iphh76@gmail.com www.iphhparamedic.in

9811817972 / 8178552287




## खबर संक्षेप

### इग्नू की परीक्षाएं अब 12 जून से शुरू होंगी

**चंडीगढ़।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की परीक्षाएं प्रशासनिक कारणों की वजह से 2 जून से न होकर 12 जून 2025 से संचालित की जाएगी 12 जून से शुरू होकर 19 जुलाई तक चलेंगी हरियाणा के सभी 42 परीक्षा केंद्रों को इसकी सूचना भिजवा दी गयी है। डॉ धर्म पाल ने बताया की इग्नू ने जुलाई 2025 सत्र के लिए सभी बैचलर और मास्टर पाठ्यक्रमों में री-रजिस्ट्रेशन आरम्भ कर दिए है जिन विद्यार्थियों ने जुलाई 2024 में इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया है, उनके लिए 30 जून 2025 तक री-रजिस्ट्रेशन करवाना आवश्यक है। डॉ. धर्म पाल ने बताया कि री-रेजिस्ट्रेशन के लिए विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट पर जाकर फार्म भरें।

### खेलमंत्री गौरव गौतम ने खिलाड़ियों को दी बधाई

**चंडीगढ़।** हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने बिहार में हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बेहतरीन प्रदर्शन कर पदक जीतने वाले प्रदेश के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने चालू वित्त वर्ष में मिशन ओलंपिक-2036, खेल नर्सरी, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, कैश अवार्ड, खिलाड़ियों के लिए इंश्योरेंस और अन्य योजनाओं के लिए अपने बजट में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि की है, जिससे भविष्य में खिलाड़ियों को प्रदेश में ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की हर सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

### अब तक 74.95 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा

**चंडीगढ़।** हरियाणा में रबी विपणन सीजन 2025-26 के दौरान 1 अप्रैल से 14 मई तक राज्य में खरीद संस्थाओं द्वारा कुल 74.95 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गयी है। इसमें से 72.90 लाख मीट्रिक टन केंद्र के लिए एवं 2.05 लाख मीट्रिक टन सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के लिए गेहूं की खरीद की गई है। प्रदेश में 73.03 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है जो कि कुल उठान का 97.40 प्रतिशत है। प्रवक्ता ने बताया कि राज्य में चार खरीद संस्थाओं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हैफेड, हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन तथा भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूं खरीद का कार्य किया जा रहा है।

### भाजपा हितों की रक्षा करने में नाकाम साबित : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की सरकार हरियाणा के हितों की रक्षा करने में नाकाम रही है, ऐसा लग रहा है कि केंद्रीय सरकार, नायब सैनी सरकार और पंजाब की भगवंत मान सरकार के बीच में नूराकुश्ती जारी है। पानी के मुद्दे को लेकर हरियाणा को कोर्ट में जाने के बजाए केंद्र पर ही दबाव बनाना चाहिए क्योंकि देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट का आदेश पंजाब सरकार नहीं मान रही है। सैलजा ने कहा कि समझौते के अनुसार हरियाणा को पानी न देने की जिद पर पंजाब अड़ा हुआ है।



### सेना ने तीन दिन में ही पाक को धूल चटाई : विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय सेनाओं ने तीन दिन में ही पाकिस्तान के कई ठिकानों को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अब कई साल तक उठ नहीं पाएगा। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी उपलब्धि है, इसलिए भारतीय सेना का मनोबल ऊंचा रखने के लिए आने वाले रविवार को अंबाला में एक बहुत बड़ी तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पूरे देश को जश्न मनाना चाहिए और इसलिए हर जगह तिरंगा रैलियां निकाली जा रही हैं और लोग जश्न मना रहे हैं। विज ने बताया कि तुर्कीए और अजरबैजान के साथ व्यापार बंद कर दिया है।



---

पानी में कटौती के कारण हरियाणा में मुद्दा बना जल संकट, खूब हो रही सियासत

# बीबीएमबी के पानी पर नहीं रुकी खींचतान

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा पंजाब के बीच में बीबीएमबी के पानी का विवाद हल होने का नाम नहीं ले रहा है, इस बारे में पंजाब अभी भी पानी नहीं दिए जाने की जिद पर अड़ा हुआ है, इस बीच हरियाणा के लोकनिर्माण व जनस्वास्थ्य विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा का कहना है कि पंजाब आम आदमी पार्टी के नेता ओछी राजनीति पर उतर आए हैं, क्योंकि उनकी दिल्ली में सरकार नहीं बनी। पंजाब के पास में पर्याप्त मात्रा में पानी है, उसके बाद भी हरियाणा को पानी देने से इनकार कर रहे हैं। गंगवा कहना है कि पूरा मामला केंद्र और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संज्ञान में है, इसलिए आने वाले वक्त में हर जरूरी कदम उठाया जाएगा। 20 और 21 मई को हरियाणा को नए कोटे के हिसाब से मिलेगा पानी अधिकारियों ने दिया आश्वासन। यहां पर उल्लेखनीय है कि एक ओर भारत-पाक के बीच में तनाव का माहौल बना है। वहीं, बीबीएमबी के पानी को लेकर पंजाब और हरियाणा के बीच तनातनी कम होने का नाम नहीं ले रही है। अहम बात यह है कि बीबीएमबी से पानी को लेकर गत एक माह से विवाद के कारण हरियाणा के काफी जिलों का गला सूख रहा है। हरियाणा के मंत्री और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का रुख भी बेहद नरमी वाला रहा है। मामले में पंजाब की ओर से पुनर्विचार याचिका दायर की गई थी।



#### पंजाब अब भी आनाकानी कर रहा

हरियाणा को बीबीएमबी से पानी दिए जाने के मुद्दे पर एक बार फिर से पंजाब की ओर से टका सा जवाब दे दिया है, पानी को लेकर आनाकानी की जा रही है। हरियाणा के लोकनिर्माण व जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा का कहना है कि पिछले कईं सालों के रिकार्ड पर नजर डालें, तो 9 हजार क्यूसेक व इससे ज्यादा भी पानी दिया गया है। अब 85 सौ क्यूसेक पानी देने से मना किया जा रहा है। हर साल 20 व 21 को पानी की स्थिति देखने के बाद में फैसला लिया जाता है। इस क्रम में शाम को बीबीएमबी तकनीकी कमेटी की बैठक हुई। इस पर सभी की नजरें थी। मंत्री का कहना है कि हरियाणा हर तरह से पानी का संकट झेल रहा है, पंजाब को पानी की जरूरत नहीं है, क्योंकि वहां पर सिंचाई धान की बिजाई 15 जून के बाद होती है।

#### मामला 21 मई तक टालने की कवायद

बीबीएमबी के कुल पानी से राज्यों को कितना पानी मिलेगा, इस पर हर साल फैसला 21 मई को लिया जाता है। हर माह राज्य की मांग के अनुसार पानी छोड़ा जाता है। हरियाणा पंजाब से यह कहकर 4500 क्यूसेक पानी अधिक देने की मांग कर रहा है कि राज्य में पानी भारी कमी है, जो बीबीएमबी की बैठक में रखी गई थी। पंजाब इसका यह कहते हुए विरोध कर रहा है कि हरियाणा अपने हिस्से का पानी खर्च कर चुका है। हमारे पास (पंजाब) के पास अतिरिक्त पानी नहीं है। मुख्यमंत्री मान का कहना है कि 21 मई के बाद नए सिरे से पानी का आवंटन होगा तो हरियाणा को हिस्सा मिलना शुरू हो जाएगा। पुनर्विचार याचिका से साफ हो रहा है कि भगवंत मान सरकार 20 तक का वक्त निकालने की कवायद में है।

#### सभी पार्टी साथ

भले ही हरियाणा और पंजाब में सभी सियासी दल अपने अपने हिसाब से राजनीति कर रहे हों लेकिन जल विवाद में जहां पंजाब की आम आदमी पार्टी के साथ में भाजपा, कांग्रेस, अकाली दल सभी उतर आए हैं। वहीं हरियाणा के अंदर भाजपा की सरकार के साथ में सर्वदलीय बैठक के दौरान और बाहर कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं, आप नेताओं, इनेलो, जजपा सभी ने एकजुटता दिखाई है। वे हरियाणा को पानी दिए जाने के हक में हैं। भले ही पंजाब में आम आदमी की सरकार हो लेकिन हरियाणा में सुशील गुप्ता ने मांग को जायज माना है।

#### तीन राज्यों को पानी

भाखड़ा नांगल जल स्टोरेज बांध जिसकी देखरेख की जिम्मेदारी भाखड़ा बेस मैनेजमेंट बोर्ड के अधीन है बांध से हरियाणा, पंजाब और राजस्थान तीन राज्यों को पानी मिलता है। तीनों राज्यों के बीच पानी बटवारा मिलियन एकड़ फीट के अनुसार किया है. चालू वित्त वर्ष में भाखड़ा बांध से पंजाब को 5.512 एमएएफ, हरियाणा को 2.987 एमएएफ और राजस्थान को 3.318 एमएएफ पानी का बंटवारा किया है।पंजाब सरकार के हिसाब से हरियाणा को बांध से 4000 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए. इसी पानी में से हरियाणा दिल्ली को 555 क्यूसेक पानी देता है।

---

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शहीद दिनेश शर्मा को घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि, बोले- गांव में उनके नाम से पार्क बनाया जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पाकिस्तानी सेना द्वारा पुंछ सीमा पर किए गए हमले में शहीद हुए जिला पलवल के उपमंडल होडल के लांस नायक शहीद दिनेश कुमार शर्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुवार को गांव नगला मोहम्मदपुर पहुंचे। उन्होंने शहीद दिनेश कुमार शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शहीद को नमन किया और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शहीद दिनेश कुमार शर्मा के परिजनों को सरकार की योजना के अनुसार आर्थिक मदद व सुविधाएं दी जाएंगी। शहीद दिनेश कुमार शर्मा के पिता दयाचंद ने गांव में ढाई बीघा जमीन पर पार्क बनाने की बात कही जिस पर मुख्यमंत्री ने शहीद के नाम पर पार्क बनवाने का आश्वासन दिया।



#### सीएम ने रुकवाया अपना काफिला

गांव से लौटते समय मार्ग पर महिलाओं को देखकर मुख्यमंत्री शनायब सिंह सैनी ने अपना काफिला रुकवाया और ग्रामीण महिलाओं की मांगों को सुना। महिलाओं ने मुख्यमंत्री के समक्ष गांव की प्राथमिक पाठशाला को अपग्रेड करने की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही तुरंत गांव की प्राथमिक पाठशाला को अपग्रेड करने की घोषणा की।

### आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा

**चंडीगढ़।** सरकार ने सहकारिता विभाग की आयुक्त एवं सचिव तथा हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम की प्रबंध निदेशक श्रीमती आशिमा बराड़ को आबकारी एवं कराधान विभाग के आयुक्त एवं सचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। वहीं तत्काल प्रभाव से सतर्कता विभाग, निगरानी और समन्वय की विशेष सचिव डॉ. प्रियंका सोनी को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के निदेशक व विशेष सचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। नगर आयुक्त, यमुनानगर अखिल पिलानी को नगर निगम, यमुनानगर के आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

---

प्रमोशन का इंतजार खत्म

### रेणुबाला और सुरेश सहित कई पदोन्नत, बने सचिव

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने हरियाणा सचिवालय में तैनात निजी सचिवों को पदोन्नति देते हुए बतौर सचिव पदोन्नत कर दिया है। पदोन्नति को लेकर सचिवालय के सचिवों ने अपने साथियों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इसमें सुरेश कुमार खेल मंत्री के निजी सचिव सुरेश कुमार और एसीएस सुधीर राजपाल की निजी सचिव रेणू बाला सहित छह को पदोन्नति मिली है। वित्त आयुक्त राजस्व एवं एसीएस होम विभाग डा. सुमिता मिश्रा की ओर से जारी एक पत्र में इस आशय की सूचना दी गई है। इन पदोन्नतियों में रेणूबाला, सुरेश कुमार सुनीता रानी, भूषण कुमार, अमरजीत सिंह, नरेश कुमार, सुभाष चंद्र व विनोद कुमार के नाम शामिल हैं। यहां पर बता दें कि उक्त सभी एफसीआर आफिस से जुड़ा स्टाफ है, जिन्हें काफी समय से पदोन्नति का इंतजार था।



सचिव बनीं रेणूबाला

मुख्य सचिव ने अफसरों को दिए निर्देश

### एक ऐसी सहकारी समिति ढूंढे जिसे आदर्श बनाया जा सके



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने अधिकारियों को प्रदेश में एक ऐसी सहकारी समिति की पहचान करने के निर्देश दिए हैं, जिसे अगले एक वर्ष में आदर्श सहकारी समिति बनाया जा सके और जो अपनी विशिष्ट पहचान और सेवा वितरण के लिए जानी जाए। मुख्य सचिव आज यहां राज्य सहकारी विकास समिति की चौथी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। अनुराग रस्तोगी ने इस बात पर जोर दिया कि यह आदर्श सहकारी समिति ऐसी होनी चाहिए जो नवाचार, पारदर्शिता, स्थिरता और उत्कृष्ट सेवा वितरण का उदाहरण प्रस्तुत करे, जिससे अन्य सहकारी समितियों के लिए अनुकरणीय मानक स्थापित हो सके।

विभाग ने संयुक्त राष्ट्र की घोषणा के अनुरूप अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में सालभर की एक व्यापक योजना का अनावरण किया। इस योजना में सतत विकास को आगे बढ़ाने में सहकारी समितियों की भूमिका को मान्यता दी गई है।

भाजपा नेता से जुड़ा मामला

### दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला पर एक और केस

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली और गायक रॉकी मित्तल पर कथित दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला के विरुद्ध पहले जहां पंचकूला में मामला दर्ज हुआ था। वहीं अब एक अन्य मुकदमा दिल्ली में भी दर्ज कराया गया है। यह दूसरा केस उसकी सहेली ने दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि इसमें उसने आरोप लगाया कि उक्त महिला और उसका दोस्त अमित बिंदल व एक अन्य व्यक्ति उस पर गवाही देने का दबाव बना रहे थे। महिला ने कहा कि वो खुद और उसकी मां तनाव में हैं। अगर उनको कुछ भी हुआ तो उक्त मामले में जिम्मेवार दुष्कर्म के आरोप लगाने वाली महिला व उसका साथी जिम्मेदार होंगे।

कथित सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली उक्त महिला के विरुद्ध पंचकूला के रहने वाले व बडौली के साथी गायक राकी मित्तल ने पंचकूला में केस दर्ज कराया था। यहां पर बता दें कि पहले महिला द्वारा उसे कसौली ले जाकर एक होटल में कथित दुष्कर्म के आरोप बडौली व मित्तल पर लगाए थे।

---

## हरियाणा लोक सेवा आयोग की स्थगित परीक्षाएं अब 29 को

- परीक्षा संबंधित नई जानकारी हासिल करने के लिए वेबसाइट पर जाएं युवा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा 11 मई को आयोजित की जाने वाली जिन परीक्षाओं को स्थगित किया गया था, वे अब 29 मई को आयोजित की जाएंगी। आयोग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज कैडर के सहायक प्रोफेसर के पदों पर रसायन विज्ञान (विज्ञापन संख्या 43/2024) विषय की परीक्षा प्रातःकालीन सत्र में तथा भौतिकी (विज्ञापन संख्या 61/2024) विषय की परीक्षा सायंकालीन सत्र में 29 मई को संपन्न कराई जाएगी। प्रवक्ता ने यह भी जानकारी दी कि सभी अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र पुनः डाउनलोड करने होंगे। विस्तृत सूचना शीघ्र ही जारी की जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे नवीनतम जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करते रहें।

नौकरी मिलेगी

### ग्रुप-डी के 7 हजार 596 पदों पर शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य भूपेंद्र चौहान ने बताया कि ग्रुप-डी के कुल 7 हजार 596 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द ही आरंभ की जाएगी। इन पदों में से वंचित अनुसूचित जाति और अन्य अनुसूचित जाति वर्ग के लिए कुल 1,209 पद आरक्षित किए गए हैं। इनमें 605 पद वंचित अनुसूचित जाति तथा 604 पद अन्य अनुसूचित जाति वर्ग के लिए निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस भर्ती की चयन प्रक्रिया कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट के स्कोर के आधार पर की जाएगी। आयोग पूरी पारदर्शिता और मेरिट के आधार पर भर्ती प्रक्रिया को अंजाम देगा। आयोग भर्ती प्रक्रिया में निष्पक्षता, पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। बताया कि आयोग द्वारा डीएससी और ओएससी अभ्यर्थियों को नए प्रमाण पत्र अपलोड करने के लिए पोर्टल खोला है।

## हरियाणा ओलंपिक संघ पदक विजेताओं पर बरसाएगा लक्ष्मी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- संघ ने 228 खिलाड़ियों को सौंपे प्रमाण-पत्र, 21 को रोहतक में सम्मान

उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा की झोली में पदकों की बारिश करने वाले खिलाड़ियों पर अब लक्ष्मी बरसेगी। प्रदेश की नायब सरकार पदक विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित करेगी। खिलाड़ियों के सम्मान में 21 मई को रोहतक में प्रदेश स्तरीय समारोह होगा। खिलाड़ियों को पहली बार इतनी जल्दी कैश अवार्ड मिल रहा है। पिछले दिनों ही निर्विरोध तरीके से ओलंपिक संघ के चुनाव सम्पन्न हुए हैं। कप्तान जसविंद्र 'मीनू बेनीवाल' सर्वसम्मति से संघ के अध्यक्ष चुने गए हैं। उनके कार्यभार संभालते ही संघ एक्टिव मोड में आ गया है। इसी कड़ी में बुधवार को पंचकूला स्थित हरियाणा ओलंपिक संघ कार्यालय में उत्तराखंड के राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर संघ महासचिव और कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार भी मौजूद रहे। प्रमाण-पत्र वितरण समारोह में हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री, भारत भूषण, नीरज तंवर व राकेश सिंह, सह-सचिव नरेंद्र कुमार, कार्यकारी सदस्य रोहित पुंढीर मौजूद रहे।

---

**सांसद रेखा शर्मा ने टॉपर्स को बधाई दी:** पंचकूला। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में सौ प्रतिशत अंक लाकर टॉपर की सूची में अपना नाम दर्ज करवाने वाली सृष्टि शर्मा के पंचकूला सेक्टर 25 के निवास पर जाकर बधाइयां दी। रेखा शर्मा ने सृष्टि के पिता राजीव शर्मा और माता आशा शर्मा को कहा कि बच्चो की सफलता में माता पिता के कुशल मार्गदर्शन, त्याग बड़ा योगदान होता है।

**नोटिस**

**बस अड्डा चरखी दादरी परिसर में जर्जर 5 कमरों को निवेदित दर द्वारा तोड़ने बारे।**

उपरोक्त विषय पर आपको अवगत कर अनुरोध किया जाता है कि बस अड्डा चरखी दादरी परिसर में जर्जर 5 कमरों को तोड़ा जाना है। जिसके लिए प्रक्रिया दिनांक 19.05.2025 को कार्यालय परिसर में निवेदित दर पर की जानी है। अतः बोली दाता से अनुरोध है कि दिनांक 16.05.2025 को सांय 03:00 बजे तक बन्द लिफाफे में अपनी (कुटेशन), **Blank Cheque** व बीस हजार रू धरोहर राशि कैश शाखा में जमा करवाकर रसीद नं. नाजिर शाखा में इंद्राज करवाने का कष्ट करें।

आदेशानुसार
महाप्रबंधक
हरियाणा राज्य परिवहन
चरखी दादरी

पीआरडीएच 1119/11/663/2026/34807/88/6 दि. 15.05.2025

**कार्यालय नगरपालिका बवानीखेड़ा**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पी०आई०डी०:- 6HLFW3J3 जो रजि० प्रलेख No. 881 दिनांक 05.12.1980 6HTDUSE2 Old ID 154/7 अनुसार ब्रह्मानन्द पुत्र श्री अलखनारायण मालिक होता है। इस प्रॉपर्टी को विद्या देवी पत्नी स्व० श्री ब्रह्मानन्द अपने नाम दर्ज करवाना चाहती है। स्व० श्री ब्रह्मानन्द पुत्र श्री अलखनारायण की मृत्यु दिनांक 29.06.2021 को हो चूकी है। विद्या देवी पत्नी स्व० श्री ब्रह्मानन्द निवासी बवानी खेडा वारसान तसदीक के आधार पर अपने नाम दर्ज करवाना चाहती हैं। तहसीलदार बवानीखेडा की दिनांक 03.03.2025 की वारसान तसदीक अनुसार 1. विद्या देवी 2. पूजा रानी (पुत्री) 3. प्रीति कुमारी (पुत्री) 4. पंकज कुमार (पुत्र) पुत्रान स्व० श्री ब्रह्मानन्द पुत्र श्री अलखनारायण वारिस होते है। इस प्रोपर्टी को विद्या देवी पत्नी स्व० श्री ब्रह्मानन्द के नाम दर्ज किये जाने बारे यदि किसी को कोई दावा / आपति है तो 30 दिन के अन्दर-अन्दर अपना दावा/आपति पूर्ण दस्तावेज के साथ नगरपालिका बवानी खेडा में देवें अन्यथा मियाद गुजरने उपरांत उपरोक्त प्रोपर्टी बारे नगरपालिका कार्यालय द्वारा आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

हस्ता/-सचिव नगरपालिका, बवानीखेडा।

HP COTTON TEXTILE MILLS LTD

**एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड**

(CIN: L18101HR1981PLC012274)

पंजी. कार्यालय : 15वां कि.मी. स्टोन, दिल्ली रोड, गांव व डा. मयड़, हिसार-125044
Website: www.hpthreads.com E-mail: info@hpthreads.com
Tel: +91 11 41540471/72/73, Fax: +91 11 49073410

**31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण**

कम्पनी के निदेशक मण्डल ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों को 15 मई 2025 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित कर दिया। अंकेक्षकों की रिपोर्ट सहित परिणाम कम्पनी की वेबसाइट पर https://www.hpthreads.com/financial-results.php पर डाले जाएंगे और क्यूआर कोड को स्कैन करके देखे जा सकते हैं।

कृते एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड
हस्ता/-
राघव कुमार अग्रवाल
पूर्ण-कालिक निदेशक, सीईओ एवं सीएफओ
डीआईएन : 02836610

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 15 मई 2025

*उपरोक्त जानकारी सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47(1) के साथ पठित नियमन 33 के अनुसार है।*

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

**मु.न.176 दिनांक 12/05/2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना सदर जिला सोनीपत।**



गुमशुदा की पहचान
नाम- पंकज।
पिता का नाम रोहताश।
पता-गांव हरसाना कला सोनीपत हरियाणा।
उम्र 24 वर्ष।
कद-05 फुट 11 इन्च।
हुलियाः रंग गोरा, गोल चेहरा, पतला हृष्ट-पुष्ट शरीर काले बाल।
पहनावा - नीली जिन्स व कमीज व पैरो मे स्पोर्टस जुते पहने हुए है। हरे रंग की टी-शर्ट व स्लेटी रंग का पायजामा व स्लेटी रंग की चप्पल पहने हुए है।
नोट- पंकज पुत्र रोहताश मानसिक बिमारी से ग्रस्त हैं।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 10/05/2025 को पंकज पुत्र रोहताश वासी गांव हरसाना कला थाना सदर सोनीपत हरियाणा। बिना किसी को कुछ भी बताए अपने घर से कही पर चला गया हैं जो अब तक वापिस नहीं आया हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना मो० न0-7419410534**
**अनुसंधानकर्ता मो0 न0 8892579257**
**कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100**

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/3391/2026/34805/88/6 दि. 15.05.2025

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो कि उन कार्यों के सामने दी गई तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (₹) | अग्रिम राशि (₹) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एडीईएन/आरपीजे के अधीन आरपीजे-डीयूआई मार्ग पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 8-सी और यूएमबी-एलडीएच मार्ग पर एल.सी. संख्या 147 एसपीएल, 159 एसपीएल और एल. सी. संख्या 163 एसपीएल पर रबरयुक्त सतह। | ₹66,01,813/- | ₹1,32,000/- | 04 महीने | 06.06.2025 |
| 2. | एडीईएन/एसआईआर के अधीन एसएसई/पी.वे./एनएलडीएम और एसएसई/पी.वे./एसआईआर सेक्शन में एमआरएनडी-डीएलपीसी मार्ग पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 46-सी, 49-सी, 60-सी, 61-ए, 72-बी और 91-बी, एसआईआर-एमआरएनडी सेक्शन पर एलसी 4-बी और एडीईएन/एसआईआर के अधीन एसएसई/पी.वे./एनएलडीएम और एसएसई/पी.वे./एसआईआर सेक्शन में एनएमडीए-एसएनएल सेक्शन पर एलसी 17-सी पर रबरयुक्त सतह उपलब्ध कराकर लेवल क्रॉसिंग में सुधार। | ₹1,10,39,097/- | ₹2,05,200/- | 06 महीने | 06.06.2025 |
| 3. | एडीईएन/एसआरई अनुभाग में लेवल क्रॉसिंग संख्या 84,89,97,2सी, 538 और 539 पर रबरयुक्त सतह उपलब्ध कराकर लेवल क्रॉसिंग में सुधार। | ₹1,08,20,156/- | ₹2,04,100/- | 06 महीने | 06.06.2025 |
| 4. | सीनियर डीईएन/।/यूएमबी के अधीन एडीईएन/सीडीजी और एडीईएन/यूएमबी के अधीन एसएसई/पी-वे/एसएएसएन और एसएसई/पी-वे/यूएमबी के खंड में (1) एडीईएन/सीडीजी और एडीईएन/यूएमबी के अधीन टीआरआर (पी) 8.517 किमी (2) यूएमबी और डीओकेवाई यार्ड में एसएसई/पी-वे/यूएमबी के खंड में सीटीआर (पी) 1.55 किमी (3) एसएसई/पी-वे/यूएमबी और सीडीजी के खंड में एडीईएन/यूएमबी और सीडीजी के अधीन टीएफआर 70.462 किमी और (4) टीटीआर (टीएसआर)-29 सेट (1:12 - 6 सेट और 1:8.5-23 सेट) के साथ-टीटीआर (टीएसआर)-111 सेट (1:12-60 सेट और 1:8.5 - 51 सेट)। | ₹3,19,16,882/- | ₹3,09,600/- | 08 महीने | 06.06.2025 |

नोटः 1) ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2) अग्रिम राशि ऑनलाइन पेमेंट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा की स्वीकार्य होंगे।
3) निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 4) ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। 5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

**खुली निविदा संख्या 07-अम्बाला/2025-26 दिनांकः 13.05.2025** 1426/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रोहतक, शुक्रवार, 16 मई 2025

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**सुविचार**

तीर को आगे छोड़ने से पहले पीछे खींचना पड़ता है... उसी तरह अच्छे दिनों के लिए बुरे दिनों से लड़ना पड़ता है। - अज्ञात




05 शेफाली वर्मा टी-20 टीम में शामिल फिट यास्तिका की भी वापसी

## जयशंकर का करारा जवाब, कश्मीर पर चर्चा का एक ही मुद्दा पीओके छोड़ें

# जब तक पाक से आतंक नहीं रुकेगा तब तक सिंधु जल संधि रद रहेगी

## विदेश मंत्री बोले, आतंकियों को हमें सौंपे पड़ोसी ▶▶ अपने यहां उनके कैंप खत्म करे

**नई दिल्ली (एजेंसी/भाषा)।** भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 1960 की सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को स्थगित कर दिया था। लेकिन अब पाकिस्तान सिंधु जल संधि पर बात करना चाहता है। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सैयद अली मुर्तजा ने संधि के निलंबन पर भारत की औपचारिक अधिसूचना का जवाब दिया है। अपनी भारतीय समकक्ष देबश्री मुखर्जी को लिखे पत्र में, मुर्तजा ने नई दिल्ली द्वारा उठाई गई विशिष्ट आपत्तियों पर चर्चा करने के लिए अपनी सरकार की तत्परता व्यक्त की। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दो टूक कहा कि सिंधु जल संधि स्थगित है। यह तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान सीमा पार से आतंकवाद को नहीं रोकेगा। होंडुरास के दूतावास के उद्घाटन के अवसर पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के पास आतंकवादियों की लिस्ट है, इन आतंकियों को हमें सौंपे और उनके कैंप खत्म करें। पाकिस्तान के कश्मीर पर चर्चा करने के प्रस्ताव के जवाब में विदेश मंत्री ने कहा कि इस पर चर्चा के लिए केवल एक ही बात बची है। वह है पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अवैध रूप से कब्जाए भारतीय इलाके को खाली करना।

### कश्मीर पर तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप स्वीकार नहीं



जयशंकर ने कहा कि कश्मीर और पाकिस्तान से जुड़े मामलों में तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को लेकर भारत की पॉलिसी में कोई बदलाव नहीं आया है। पाकिस्तान से हमारी बातचीत पूरी तरह से द्विपक्षीय होगी। इसके साथ ही उसे आतंकियों के ठिकानों को बंद करना होगा। वे जानते हैं कि क्या करना है। हम उनके साथ आतंकवाद के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं। सीजफायर को लेकर जयशंकर ने कहा- यह साफ है कि गोलीबारी बंद करने की मांग कौन कर रहा था। हमने आतंकी ढांचे को नष्ट करने के जो टारगेट तय किए थे, उन्हें हासिल कर लिया है।

## पुलवामा के घर में छुपे तीन आतंकियों को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में बृहस्पतिवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के अवंतीपुरा के नादेर त्राल इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सटीक सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया। तीनों आतंकी एक मकान में छिपे थे। सुरक्षाबलों ने इन्हें ड्रोन की मदद से ढूंढ़ निकाला और कई घंटे चली मुठभेड़ में ढेर कर दिया। मारे गए आतंकियों में एक टॉप कमांडर आसिफ शेख था। इसके अलावा सुरक्षाबलों ने आमिर नजीर वानी और यावर अहमद भट को भी मार गिराया। इस बीच, त्राल में मारे गए एक आतंकी आमिर नजीर वानी का आखिरी वीडियो सामने आया है। इसमें वह अपनी मां से बात कर रहा है। मां ने कश्मीरी में आमिर से कहा- बेटा, सरेंडर कर दो।

**तीन दिन में दूसरा एनकाउंटर :** जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में यह दूसरा एनकाउंटर है। इससे पहले शोपियां के केलर में 13 मई को सुरक्षाबलों के साथ एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए थे। इस तरह सुरक्षाबलों ने 48 घंटे में कुल 6 आतंकियों को ढेर कर दिया है। बुधवार को केलर से ही भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद हुआ।



## पाक के परमाणु हथियारों को आईएईए की निगरानी में लिया जाए : राजनाथ

**श्रीनगर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के हाथ में परमाणु आयुधों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि इन्हें अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी में लिया जाना चाहिए। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद जम्मू-कश्मीर की अपनी पहली यात्रा पर आए रक्षा मंत्री ने सैनिकों से बातचीत की और उनकी पीठ थपथपाई। राजनाथ ने कहा कि इस अभियान ने आतंकी संगठनों और पाकिस्तान में उनके आकाओं को स्पष्ट तौर पर बता दिया कि वे खुद को कहीं भी सुरक्षित न समझें। आतंकवाद के खिलाफ भारत का संकल्प कितना मजबूत है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसने पाकिस्तान की परमाणु धमकी पर भी ध्यान नहीं दिया है। 'पूरी दुनिया ने देखा कि पाकिस्तान ने कितने गैरजिम्मेदाराना तरीके से कई बार भारत को परमाणु धमकी दी है।' बता दें कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को लेकर चिंता जता चुके हैं।

**सुरक्षाबलों ने ड्रोन की मदद से तीनों को ढूंढ़ निकाला**

■

**कई घंटे चली मुठभेड़ में तीनों मारे गए, तलाशी अभियान जारी**



**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीरिया पर लगाए गए सभी अमेरिकी प्रतिबंधों को भी खत्म करने का आदेश दिया है। उन्होंने रियाद में सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात की। कभी टॉप मोस्ट वांटेड आतंकी रह चुके अल-शरा से ट्रम्प की मुलाकात की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। शरा ने 2011 में सीरिया में आत्मघाती हमले कराए थे। अमेरिका ने उस पर 10 मिलियन डॉलर (करीब 84 करोड़) का इनाम रखा था, जिसे 5 महीने पहले दिसंबर में हटा दिया था।

*भारत-पाक के बीच सीजफायर पर ट्रंप का यूटर्न*

## यूएस राष्ट्रपति बोले, मैंने युद्ध विराम नहीं करवाया, केवल मदद की थी

एजेंसी ▶▶ दोहा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 5 दिन बाद भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के अपने बयान से पलट गए हैं। उन्होंने गुरुवार को कहा कि मैंने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता नहीं कराई, लेकिन मैंने केवल मदद की है। ट्रम्प ने कहा, 'मैं ये नहीं कहता कि ये मैंने किया, लेकिन ये पक्का है कि पिछले हफ्ते भारत-पाकिस्तान के बीच जो हुआ, मैंने उसे सेटल करने में मदद की। भारत-पाकिस्तान के बीच और भी भयावह हमले हो सकते थे। दोनों देशों ने अचानक मिसाइल दागनी शुरू कर दी, लेकिन हमने सब सेटल कर दिया।' ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच मध्यस्थता का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था,' मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों को समझदारी दिखाने के लिए बधाई।' ट्रंप ने कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं यहां से बाहर नहीं निकलता और दो दिन बाद पता चलता कि मामला सुलझा नहीं है, लेकिन मामला सुलझ गया। मैंने दोनों से व्यापार को लेकर बात की। मैंने कहा कि युद्ध के बजाय व्यापार करें। पाकिस्तान बहुत खुश था।

## पूर्व सीएम हुड्डा को झटका, मानेसर भूमि घोटाले में ट्रायल पर लगी रोक हटाई, अब सीबीआई की विशेष अदालत में सुनवाई

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मानेसर भूमि घोटाले में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को झटका लगा है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने गुरुवार को घोटाले में पंचकूला सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में ट्रायल पर लगी रोक हटा दी है। करीब 4 साल से इस मामले में ट्रायल पर रोक लगी हुई थी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब सीबीआई कोर्ट में मामले की सुनवाई शुरू होगी। इस मामले में हुड्डा समेत 33 अन्य के खिलाफ पहले ही सीबीआई चार्जशीट पेश कर चुकी है। इसमें पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ, कुछ अफसर और बिल्डर भी सीबीआई ने आरोपित बनाए हैं। हाईकोर्ट ने इस मामले में फरवरी में फैसला सुरक्षित रखा था।



### सभी खचिकाएं खारिज

हाईकोर्ट की जस्टिस मंजरी नेहरू कौल की पीठ ने गुरुवार को फैसला सुनाते हुए सभी याचिकाएं खारिज कर दी। यह याचिका पूर्व नौकरशाहों राजीव अरोड़ा, एसएस ढिल्लों, छतर सिंह, एमएल तायल, जसवंत सिंह, अनिल कुमार, डॉ. ढींगरा, कुलवंत सिंह लांबा ने दायर की थी। जिन्होंने अलग-अलग तारीखों पर तत्कालीन सीएम के प्रमुख सचिव के रूप में काम किया था और कुछ बिल्डर भी शामिल हैं।

### यह है मामला

27 अगस्त 2004 को इंडस्ट्रियल टाउनशिप बनाने के लिए मानेसर, लखनौला, नौरंगपुर में जमीन के अधिग्रहण का नोटिफिकेशन जारी किया। 1315 एकड़ भूमि पर अधिग्रहण से संबंधित सेक्शन-4 लागू किया गया। सरकार ने 12.5 लाख रुपये की दर से मुआवजा तय किया। सेक्शन लागू होते ही किसान डर गए और बिल्डर सक्रिय हो गए। 25 अगस्त 2005 को 688 एकड़ जमीन पर सेक्शन 6 लागू होते ही औसतन 40 लाख रुपये की दर से बिल्डरों ने जमीन खरीदनी शुरू कर दी। बिल्डरों को पता था कि सरकार अधिसूचना वापस लेगी।

**अध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण की**

## पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार ने यूपीएससी की कमान संभाली

**नई दिल्ली (भाषा)।** पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार ने बृहस्पतिवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के अध्यक्ष के रूप में शपथ ली। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि आयोग के वरिष्ठतम सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) राज शुक्ला ने कुमार को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रीति सूदन का 29 अप्रैल को कार्यकाल पूरा होने के बाद यूपीएससी के अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया था। यूपीएससी आईएएस, भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वास्ते अधिकारियों का चयन करने के लिए सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है। इसमें अध्यक्ष के अलावा, अधिकतम 10 सदस्य हो सकते हैं। वर्तमान में आयोग में सदस्य के दो पद रिक्त हैं। अध्यक्ष की नियुक्ति छह वर्ष की अवधि या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक के लिए की जाती है।


## वक्फ कानून : अंतरिम राहत के मुद्दे पर 20 मई को सुनवाई

**नई दिल्ली(भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं में अंतरिम राहत देने के मुद्दे पर 20 मई को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ 'वक्फ बाई यूजर' या 'वक्फ बाई डीड' द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने के अधिकार समेत तीन मुद्दों पर अंतरिम निर्देश पारित करने के मामले में दलीलें सुनेगी। दूसरा मुद्दा राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना से संबंधित याचिकाओं में उठाया गया जहां उनकी दलील है कि पदेन सदस्यों के अलावा केवल मुसलमानों को इसका परिचालन करना चाहिए। तीसरा मुद्दा उस प्रावधान से संबंधित है।

## हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में रेतीले तूफान से घरों के अंदर-बाहर मिट्टी जमीं

लोगों में दहशत, सांस लेने में भी हो रही दिक्कतें | राजस्थान बॉर्डर से उठा था, 60 किमी से अधिक का एरिया कवर किया | मौसम वैज्ञानिक बोले, पश्चिमी हवा चलने से धूल का गुबार उठा

**जींद/नई दिल्ली (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा व दिल्ली-एनसीआर में वीरवार रेतीने तूफान के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रेतीले तूफान ने राजस्थान बॉर्डर से लेकर दिल्ली-एनसीआर तक के लोगों को डरा दिया। इस तूफान का वीडियो सामने आया है। चौड़ी और ऊंची दीवार जैसे इस तूफान का असर तकरीबन 60 से 100 किलोमीटर के क्षेत्र में नजर आया। रेतीली धूल का यह तूफान बुधवार शाम को राजस्थान बॉर्डर की तरफ से उठा और फिर हरियाणा में हिसार, जींद और भिवानी के सिवानी कस्बे की तरफ बढ़ता चला गया। हालांकि तूफान की रफ्तार कम होने के कारण कहीं कोई नुकसान नहीं पहुंचा। मगर, घरों के अंदर-बाहर रेत की मोटी परत जम गई। तूफान के कारण विजिबिलिटी भी कम हो गई। 200 मीटर से आगे कुछ भी दिखना बंद हो गया।



### प्रदेश में आज से बदलेगा मौसम

मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश में शुक्रवार से मौसम बदलेगा। 16 से 18 मई तक विभिन्न जिलों में बादल छाए रहने, हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। 17 मई से गर्मी से कुछ राहत के आसार हैं। धूल भरी हवा के साथ बारिश की संभावना है।

### धूल से लोग बेहाल

वातावरण में छाई धूल और गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। तापमान में भी इजाफा दर्ज किया गया। हवा गर्म होने के साथ धूल भी उड़ी। दोपहर को सड़कों पर बहुत कम लोग दिखाई दिए। वातावरण में धूल होने के कारण बच्चों, बुर्जुगों तथा बीमार लोगों का सांस लेने मे दिक्कत को सामना करना पड़ा। वीरवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। चिकित्सकों ने लोगों स्वच्छ पेय पदार्थों का अधिक सेवन करने, बाहर निकलते समय शरीर को कपड़े से ढांपने की सलाह दी है।

**यमुनानगर की अदालत ने सुनाया अहम फैसला**

## छह साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या के दोषी को फांसी की सजा

**यमुनानगर(हरिभूमि न्यूज)।** यमुनानगर की जिला कोर्ट ने 6 साल की बच्ची के अपहरण, बलात्कार और हत्या के दोषी को फांसी की सजा सुनाई है। बता दें कि एक साल पहले थाना छछरौली क्षेत्र में 6 साल 20 सितंबर 2024 को घर के बाहर खेल रही थी तभी अचानक लापता हो गई थी। बच्ची को राजेश कुमार उर्फ निर्मल उठाकर गन्ने के खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची से दरिंदगी के बाद उसने उसकी हत्या कर दी। देर रात उसका शव खेतों में मिला था, जिसकी गला दबाकर हत्या की गई थी। दोषी इस वादात को अंजाम देने के बाद अपने घर पहुंचा था और गीले कपड़े बदल कर फिर बाहर निकल गया था।

### 20 सितंबर 2024 को 6 वर्षीय बच्ची गायब हुई थी



### गांव के दो लोगों ने देखा था

गांव के ही दो लोगों ने राजेश को बच्ची को ले जाते हुए देखा था। जब परिजन आरोपित के घर पहुंचे तो पता चला कि आरोपित अपने घर आया था और कपड़े बदलकर कहीं चला गया। इस मामले में पुलिस ने राजेश नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। तब से यह मामला यमुनानगर की अदालत में चल रहा था। जहां आज अदालत में आरोपित को इस मामले में फांसी की सजा सुनाई है।

### 18 लोगों ने गवाही दी

इस मामले में 18 लोगों ने गवाही दी। लेकिन इसमें दो आई विटनेस ऐसे थे, जिन्होंने आरोपित को लड़की को ले जाते हुए देखा था। जबकि एक विटनेस ने आरोपित को आते हुए देखा था। जहां उनकी गवाही महत्वपूर्ण साबित हुईए वहीं आरोपित का डीएनए भी मैच हुआ। इसके चलते उसे फांसी की सजा हुई है। यह नए कानून भारतीय न्याय संहिता में संभवतः जिले में यह पहला मामला है जब पॉस्को एक्ट में आरोपी को फांसी की सजा हुई है।

**सुनवाई** 300 से अधिक पेंडिंग केसों वाले जिलों को प्राथमिकता दें

*सुप्रीम कोर्ट ने जारी किए निर्देश, कहा-पॉक्सो कोर्ट की कमी से मामले निपटाने में देर हो रही*

## प्राथमिकता के आधार पर विशेष पॉक्सो अदालतें स्थापित करे केंद्र

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के मामलों से विशेष रूप से निपटने के लिए 'सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर' समर्पित पॉक्सो अदालतें स्थापित करे। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने बृहस्पतिवार को कहा कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के मामलों के लिए विशेष अदालतों की संख्या अपर्याप्त होने के कारण, कानून के तहत सूनवाई को पूरा करने के लिए निर्धारित समयसीमा का पालन नहीं हो पा रहा है। कोर्ट ने कहा कि कई राज्यों ने स्पेशल पॉक्सो कोर्ट बनाए हैं, लेकिन तमिलनाडु, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में केस पेंडेंसी के चलते और ज्यादा कोर्ट बनाए जाने की जरूरत है।

### यह भी निर्देश दिए



कोर्ट ने पॉक्सो केस के लिए निर्धारित डेडलाइन के अंदर ट्रायल पूरा करने के अलावा निर्धारित अवधि के भीतर चार्जशीट दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकारों से उन जिलों में दो कोर्ट बनाने को कहा जहां पॉक्सो अधिनियम के तहत बाल शोषण के पेंडिंग मामलों की संख्या 300 से ज्यादा है। कोर्ट ने कहा पॉक्सो एक्ट के तहत 100 से ज्यादा एफआईआर वाले हर जिले में एक कोर्ट बनाने के जुलाई 2019 के निर्देश का मतलब था कि डेजिगनेटेड कोर्ट केवल कानून के तहत ऐसे मामलों से निपटेगा।

### बच्चों के यौन शोषण मामले बढ़े

शीर्ष अदालत ने इससे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता एवं न्यायमित्र वी गिरी और वरिष्ठ अधिवक्ता उत्तरा बब्बर को पॉक्सो अदालतों की स्थिति पर राज्यवार ब्यौरा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। उच्चतम न्यायालय एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें बच्चों के यौन शोषण की घटनाओं की संख्या में चिंताजनक वृद्धि को रेखांकित किया गया था।

## खबर संक्षेप

### गवर्नर-प्रेसिडेंट के लिए डेडलाइन बनाने पर मुर्मू ने पूछे 14 सवाल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रेसिडेंट और गवर्नर के लिए डेडलाइन तय करने पर सवाल उठाए हैं। मुर्मू ने पूछा कि संविधान में इस तरह की कोई व्यवस्था ही नहीं है, तो सुप्रीम कोर्ट कैसे बिलों पर मंजूरी की समयसीमा तय करने का फैसला दे सकता है। सुप्रीम कोर्ट से 14 सवाल पूछे हैं। राष्ट्रपति व राज्यपाल की शक्तियों और समय-सीमा तय करने जैसी बातों पर स्पष्टीकरण मांगा है। *पेज 7 भी देखें*

### नीरव की लंदन हाईकोर्ट में 10वीं बार जमानत खारिज

**लंदन।** हीरा कारोबारी नीरव मोदी की जमानत याचिका लंदन हाईकोर्ट ने एक बार फिर खारिज कर दी। यह 10वीं बार है जब याचिका खारिज हुई है। नीरव पर पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े करीब 13,000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप है, जिसे सबसे बड़े बैंक फ्रॉड मामलों में गिना जाता है। कोर्ट ने जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि उसके फरार होने और सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका बनी हुई है। वहीं, भारत सरकार उसके प्रत्यर्पण के लिए लगातार कोशिश कर रही है। भाषा

### वीवीएमसी के उप निदेशक से 23.25 करोड़ के गहने जब्त

**नई दिल्ली।** ईडी ने वसई विरार नगर निगम (वीवीएमसी) में वर्ष 2009 से सरकारी और निजी भूमि पर आवासीय भवनों के अवैध निर्माण के मामले में मुंबई और हैदराबाद में 13 स्थानों पर छापेमारी के दौरान 9.04 करोड़ नकद और 23.25 करोड़ रुपये के हीरे जड़ित आभूषण जब्त किए हैं। वीवीएमसी के उप निदेशक (नगर नियोजन) वाई. एस. रेड्डी के परिसरों से 8.6 करोड़ नकद और 23.25 करोड़ रुपये के हीरे जड़ित आभूषण और सोना जब्त किया गया। भाषा

### वन भूमि की जांच के लिए एसआईटी बनाएं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सभी राज्यों व केंद्र-शासित प्रदेशों को यह पता लगाने के लिए एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया कि क्या कोई आरक्षित वन भूमि गैर-वानिकी उद्देश्यों के लिए किसी निजी पक्ष को आवंटित की गई है। पीठ ने राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को ऐसी भूमि का कब्जा वापस लेने और उसे वन विभाग को सौंपने के लिए कदम उठाने का भी निर्देश दिया। भाषा

### ड्रग्स तस्करी में डीएसपी समेत 20 लोग पकड़े

**संगरूर।** पंजाब की संगरूर जेल में पुलिस ने बड़े ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। जेल में ड्रग्स मिलने के बाद शुरू हुई जांच में अब तक डीएसपी समेत 20 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। एसएसपी संगरूर सरताज सिंह चहल ने कहा कि पंजाब सरकार ने नशे के खिलाफ मुहिम शुरू की है। पिछले महीने जेल की तलाशी के दौरान 9 मोबाइल फोन, 4 स्मार्टवॉच, 50 ग्राम अफीम और अन्य प्रतिबंधित सामान बरामद किया गया था। भाषा

### अभिनेता विजय राज यौन उत्पीड़न मामले में बरी

**मुंबई।** महाराष्ट्र की एक अदालत ने बॉलीवुड अभिनेता विजय राज को 2020 में एक सहकर्मी द्वारा दायर यौन उत्पीड़न मामले में बरी कर दिया और कहा कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत पेश करने में विफल रहा। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (गोंदिया) महेंद्र सोरते ने अभिनेता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354-ए (यौन उत्पीड़न) और 354-डी (पीछा करना) के तहत लगाए गए आरोप हटा दिए। भाषा

## इंग्लैंड दौरे को लेकर बीसीसीआई के सामने टीम संयोजन की चुनौती

# नंबर-4 के चार दावेदार, कोहली की जगह लेने के लिए तैयार बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज 20 जून को शुरू होगी। उससे पहले रोहित शर्मा और विराट कोहली ने संन्यास लेकर सबको चौंका दिया है। ओपनिंग में रोहित की जगह लेने के लिए कई दावेदार तैयार हैं, लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कि टेस्ट में नंबर-4 पर विराट की जगह कौन लेगा? महान सचिन तेंदुलकर और विराट ने लंबे समय तक इस क्रम को संभाले रखा है। दुनिया के दो बेहतरीन बल्लेबाज इस क्रम पर भारत के लिए खेले हैं। अब टीम इंडिया के सामने चुनौती है कि तेंदुलकर और कोहली के बाद इस नंबर पर कौन उतरेगा? हम ऐसे पांच खिलाड़ियों के बारे में बता रहे हैं जो विराट के बाद नंबर-4 को संभाल सकते हैं...



### शुभमन गिल : 1893 रन

रोहित शर्मा के संन्यास के बाद कप्तानी की दावेदारों में शुभमन गिल सबसे आगे हैं। वह भारत के लिए 32 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। इस दौरान 35.05 की औसत से उन्होंने 1893 रन बनाए हैं। शुभमन के पास बेहतरीन तकनीक है और वह तेज गेंदबाजों के साथ-साथ स्पिनरों के खिलाफ भी अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं। गिल ने अब तक नंबर-4 पर बैटिंग नहीं की है, लेकिन टीम मैनेजमेंट उन्हें विराट की जगह पर भेजकर नया दांव खेल सकता है।

### राहुल : 3257 रन

रोहित और विराट के संन्यास के बाद टीम इंडिया की बैटिंग में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ही हैं। वह अब तक 58 टेस्ट मैचों में 3257 रन बना चुके हैं। इस दौरान उनका औसत 33.57 का रहा है। राहुल ने विदेशओं में 38 टेस्ट मैच खेले हैं और 31 की औसत से 2108 रन बनाए हैं। वह अलग-अलग नंबरों पर खुद को एडजस्ट कर लेते हैं। राहुल ने पहले से छठे नंबर तक टेस्ट में बल्लेबाजी की है। चौथे क्रम पर उन्हें एक मुकाबले में मौका मिला है। उन्होंने 2 पारियों में 108 रन बनाए हैं। इस दौरान 86 रन उनका उच्चतम स्कोर रहा है। मौजूदा परिस्थितियों में इस क्रम को संभालने के लिए सबसे अनुभवी दावेदार राहुल ही हैं।

### नायर : वापसी का भरोसा



भारत के लिए 6 टेस्ट खेल चुके करुण नायर को 2017 से टीम में वापसी का इंतजार है। उन्होंने डोमेस्टिक क्रिकेट के पिछले सीजन में बल्ले से धमाकेदार प्रदर्शन किया है और वह टीम में आने के दावेदार हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में उनका चुना जाना तय है। नायर ने डोमेस्टिक के साथ-साथ हाल के समय में इंग्लैंड की काउंटी चैंपियनशिप में भी अच्छी बल्लेबाजी की है। वह 33 साल के हैं और उनके पास 114 फर्स्ट क्लास मैचों में खेलने का अनुभव हैं। नायर ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में तिहरा शतक भी लगाया है। अगर उन्हें चौथे क्रम पर मौका मिलता है तो वह टीम को संकट से बाहर निकालने की क्षमता रखते हैं।

### सुदर्शन : डेब्यू का इंतजार

आईपीएल में रनों की बारिश करने वाले साई सुदर्शन तकनीकी रूप से काफी मजबूत हैं। वह तेजी से रन बनाने वाले फॉर्मेट में भी क्लास दिखाते हैं और पारंपरिक शॉट्स से ज्यादा रन बटोरते हैं। सुदर्शन को अभी टेस्ट में डेब्यू का मौका नहीं मिला है। वह 3 वनडे और 1 टी20 मैच खेल चुके हैं। सुदर्शन ने 29 फर्स्ट क्लास मैचों में 39.93 की औसत से 1957 रन बनाए हैं। उनके नाम 7 शतक और 5 अर्धशतक हैं। कई एक्सपर्ट उन्हें अगला सुपरस्टार मानते हैं और वह विराट की जगह नंबर-4 पर खेल सकते हैं।

## बंपर प्राइज मनी का ऐलान, विजेता को मिलेंगे 30 करोड़ रुपये, भारत बनेगा 12 करोड़ी

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 फाइनल की बंपर प्राइज मनी का ऐलान कर दिया है। इस बार विजेता टीम को पिछले दो टूर्नामेंट के मुकाबले दोगुनी इनामी राशि मिलने वाली है। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्लूटीसी 2025 का फाइनल मुकाबला 11 जून से लंदन के लॉर्ड्स में खेला जाना है। इस टूर्नामेंट की विजेता टीम को इस बार करीब 30 करोड़ रुपए मिलेंगे और उपविजेता टीम भी मालामाल हो जाएगी, जिसको करीब साढ़े 18 करोड़ रुपए मिलने वाले हैं।

### दोगुनी हुई प्राइज मनी




लंदन के ऐतिहासिक स्टेडियम में खेले जाने वाले एकमात्र मैच में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत 11 जून से होगी। इस मैच के लिए आईसीसी ने 5.76 मिलियन यूएस डॉलर यानी करीब सवा 49 करोड़ रुपए इनाम के तौर पर बांटने का फैसला किया है। पिछले दो एडिशन्स के मुकाबले इस बार की प्राइज मनी दोगुनी से भी ज्यादा है। इसमें से खिताबी जीत हासिल करने वाली टीम को 3.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी करीब पौने 31 करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं, हारने वाली टीम को 2.16 मिलियन यूएस डॉलर यानी करीब साढ़े 18 करोड़ रुपए मिलने वाले हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें 2021 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की विजेता न्यूजीलैंड और 2023 के डब्लूटीसी फाइनल की विजेता ऑस्ट्रेलिया को 1.6-1.6 मिलियन यूएस डॉलर यानी करीब साढ़े 13-13 करोड़ रुपए मिले थे। दोनों बार भारतीय टीम मुकाबले हारी थी। दोनों बार भारत को 8-8 लाख अमेरिकी डॉलर मिले थे। भारतीय मुद्रा में ये रकम पौऐ सात करोड़ के आसपास बैठती है। इस तरह इस बार आईसीसी ने दिल खोलकर इस फॉर्मेट की चैंपियन टीम के लिए इनामी राशि देने का फैसला किया है।

### टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहा भारत

सिर्फ विजेता-उपविजेता ही नहीं, बल्कि आईसीसी ने तीसरे से नौवें नंबर तक वाली टीम को भी प्राइज मनी में से हिस्सा दिया है। तीसरे नंबर पर इस बार भारत रहा है, जिसे 1.44 मिलियन यूएस डॉलर (12 करोड़ 32 लाख रुपए) और नंबर चार रहने वाली न्यूजीलैंड की टीम को 1.2 मिलियन यूएस डॉलर यानी 10 करोड़ 26 लाख रुपए मिलने वाले हैं। पांचवें नंबर पर इंग्लैंड थी, जिसे 9 लाख 60 हजार यूएसडी, छठे नंबर वाली श्रीलंका की टीम को 8 लाख 40 हजार यूएसडी, सातवे नंबर वाली बांग्लादेश की टीम को 7 लाख 20 हजार यूएसडी, 8वें नंबर पर विराजमान रहने वाली वेस्टइंडीज की टीम को 6 लाख यूएसडी और नौवें नंबर पर रहने वाली पाकिस्तान की टीम को 4 लाख 80 हजार यूएसडी मिलेंगे।



**बैडमिंटन**

## उन्नति, मालविका और आकर्षि थाईलैंड ओपन से बाहर, भारतीय चुनौती खत्म




एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

एलीट अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंटों में भारत का खराब प्रदर्शन जारी रहा और थाईलैंड ओपन सुपर 500 में भारत की चुनौती समाप्त हो गई जब दुनिया की दसवें नंबर की महिला जोड़ी त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद समेत सभी भारतीय खिलाड़ी बाहर हो गए। त्रिसा और गायत्री को जापान की रूइ हिरोकामी और सायाका होबारा ने दूसरे दौर में 22-20, 21-14 से हराया। ओडिशा मास्टर्स 2022 और अबु धाबी मास्टर्स 2023 विजेता 17 वर्ष की उन्नति हुड्डा को थाईलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग ने 39 मिनट में 21-14, 21-11 से हराया। दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी मालविका बंसोड़ को पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड की रेचानोक इंतानोन ने 21-12, 21-16 से हराया। वहीं आकर्षि कश्यप को सुपनिदा केटथोंग ने 34 मिनट के भीतर 21-9, 21-14 से हराया। पुरुष एकल में तरुण मन्नेपल्ली को डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन ने 21-14, 21-16 से मात दी।

## शेफाली टी-20 टीम में शामिल फिट यास्तिका की भी वापसी

**नई दिल्ली।** आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की गुरुवार 28 जून से ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टी20 टीम में वापसी हुई, उन्हें सात महीने के अंतराल के बाद राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया। शेफाली खराब फॉर्म के कारण अक्टूबर 2024 से भारतीय टीम से बाहर थीं। पर उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के लिए वनडे टीम में जगह नहीं मिली जिसकी घोषणा भी गुरुवार को ही की गई। महिला प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिए उनका प्रदर्शन शानदार रहा जिसमें उन्होंने 152 के स्ट्राइक-रेट से नौ मैच में 304 रन बनाए। वापसी करने वाली एक अन्य खिलाड़ी विकेटकीपर यास्तिका भाटिया हैं जो महिला बिग बैश लीग के दौरान कलाई की चोट के कारण पिछले नवंबर से बाहर थीं। वह वनडे टीम का भी हिस्सा हैं। यास्तिका के अलावा दोनों टीमों में अन्य विकेटकीपर ऋचा घोष हैं।

## राष्ट्रीय निशानेबाजी चयन ट्रायल 21 से

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बृहस्तिवार को घोषणा की कि शॉटगन स्पर्धाओं (ट्रैप और स्कीट) के लिए चयन ट्रायल दो और तीन क्रमशः नयी दिल्ली और भोपाल में 21 मई से एक जून तक आयोजित किए जाएंगे। ये ट्रायल इस साल के अंत में होने वाले दो आईएसएसएफ विश्व कप (इटली और यूनान), 16वीं एशियाई चैंपियनशिप (कजाकिस्तान), आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप (भारत - सितंबर) और तीसरे एशियाई युवा खेलों (बहरीन - अक्टूबर) सहित व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के लिए भारतीय टीम के चयन में मदद के लिए आयोजित किए जा रहे हैं।

## भारत में बनाए जा सकते हैं ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर

**नई दिल्ली।** कारपोरेट भागीदारी से देश में ओलंपिक केंद्रों की स्थापना की खेल मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना में भारतीय क्रिकेट बोर्ड भी दो से तीन ओलंपिक खेलों का जिम्मा उठाने को तैयार है और इस योजना पर इस साल काम शुरू हो जाएगा। खेलमंत्री मनसुख मांडविया के साथ गुरुवार को हुई बैठक में बीसीसीआई ने यह प्रस्ताव रखा। बैठक में कारपोरेट जगत के 58 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया, 'ओलंपिक खेलों के विकास के लिए कारपोरेट जगत की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए हुई अहम बैठक में देश में जापान की तर्ज पर ओलंपिक केंद्र खोलने का प्रस्ताव रखा गया। कारपोरेट जगत के 58 प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी मौजूद थे जिन्होंने कहा कि बोर्ड दो तीन खेलों का जिम्मा लेने को तैयार है और यह मंत्रालय तय करेगा कि वे खेल कौन से होंगे।'

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-362 के लिए खुली ई-निविदा सूचना, दिनांक** 13.05.2025, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, मालदा, ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-362, कार्य का नाम :** (I) मालदा मंडल के मालदा टाउन और भागलपुर स्टेशनों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का प्रावधान एवं अन्य सहायक कार्य। (II) मालदा मंडल के जमालपुर स्टेशन पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का प्रावधान एवं अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.34,90,323.50, **बयाना राशि:** रु. 69,800/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 21.05.2025 से 04.06.2025 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट:** www.ireps.gov.in एवं वरिष्ठ डीईई (सामान्य) /पूर्व रेलवे/एमएलडीटी का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट www.ireps.gov.in में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। उक्त निविदा के लिए किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-52/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



चिंतन

# तुर्किये और अजरबैजान को बड़ा झटका देना जरूरी

देश में तुर्किये और अजरबैजान को सबक सिखाने के लिए देशवासियों और संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन और व्यापारिक बहिष्कार का आह्वान किया जा रहा है, क्योंकि इन दोनों देशों ने भारत द्वारा पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों पर किए गए हमलों की निंदा करते हुए पाकिस्तान का समर्थन किया था। इसके बाद कारोबारियों ने भी तुर्किये के सेब और संगमरमर जैसे उत्पादों का बहिष्कार करना शुरू कर दिया है और अब ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने तुर्की और अजरबैजान का पूर्ण बहिष्कार करने का ऐलान करते हुए कहा है कि इन दोनों देशों का रवैया भारत के खिलाफ है, इसलिए अब उनसे जुड़ी किसी भी फिल्मी गतिविधि में भाग नहीं लिया जाएगा। एसोसिएशन ने सरकार से भी इन देशों के सभी कलाकारों का वीजा रद करने की भी मांग की है। इंडस्ट्री से अपील करते हुए कहा गया है कि कोई भी कलाकार या निर्माता तुर्किये और अजरबैजान में शूटिंग के लिए न जाए। इन देशों से प्रायोजित किसी भी कार्यक्रम या इवेंट में हिस्सा न लें। तुर्किये और अजरबैजान के कलाकारों या फाइनेंसर के साथ कोई भी प्रोजेक्ट न करें। ऐसा पहली बार हुआ है जब फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों ने दोनों देशों के बहिष्कार का ऐलान किया है। वैसे अनेक हिन्दी फिल्मों की शूटिंग तुर्किये में हुई है। इसके अलावा कारोबारी संगठन भी लगातार दोनों देशों के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं। भारत का तुर्किये को निर्यात अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 के दौरान 5.2 अरब डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह 6.65 अरब डॉलर था। यह भारत के कुल 437 अरब डॉलर के निर्यात का सिर्फ 1.5 प्रतिशत है। वहीं, भारत का अजरबैजान को निर्यात अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 के दौरान मात्र 8.60 करोड़ डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह 8.96 करोड़ डॉलर था। यह भारत के कुल निर्यात का मात्र 0.02 प्रतिशत है। तुर्किये से भारत का आयात अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 के दौरान 2.84 अरब डॉलर था, जबकि 2023-24 में यह 3.78 अरब डॉलर था। यह भारत के कुल 720 अरब डॉलर के आयात का सिर्फ 0.5 प्रतिशत है। तुर्किये से भारत विभिन्न प्रकार के मार्बल ताजा सेब, सोना, सब्जियां, चूना और सीमेंट, खनिज तेल रसायन, प्राकृतिक या संवर्धित मोती, लोहा और इस्पात का आयात करता है। दोनों देशों के बीच साल 1973 में एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिसके बाद 1983 में आर्थिक और तकनीकी सहयोग पर भारत-तुर्की संयुक्त आयोग की स्थापना पर एक समझौता हुआ। भारत अजरबैजान को तम्बाकू और उसके उत्पाद, चाय, कॉफी, अनाज, रसायन, प्लास्टिक, रबड़, कागज और पेपर बोर्ड और सिरेमिक उत्पाद का निर्यात करता है। वहीं, भारत में अजरबैजान से पशु चारा, जैविक रसायन, आवश्यक तेल और इत्र तथा कच्ची खालें और चमड़ा आता है। वर्तमान में तुर्किये में लगभग 3,000 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें 200 छात्र शामिल हैं। इसी तरह, अज़रबैजान में भारतीय समुदाय के लोगों की संख्या 1,500 से ज़्यादा है। दोनों देशों के रवैये के कारण अब ये व्यापार खटाई में पड़ता दिख रहा है। इसके अलावा भारतीय पर्यटक भी तुर्किये और अजरबैजान की यात्रा टाल रहे हैं। इससे उन्हें बड़ा झटका लगना तय है क्योंकि दोनों देश पर्यटन पर निर्भर हैं। भारत में सोशल मीडिया पर इन देशों का बहिष्कार ट्रेंड कर रहा है। हालांकि अभी इस पर सरकार ने अपने स्तर पर कोई ऐनाल नहीं किया है। इसके बावजूद इन्हें पाक का समर्थन करने पर बड़ा नुकसान होना तय है और यह जरूरी भी है।



विश्लेषण
पंकज झा

भारत के इतिहास की गाथाओं के उलट यह गाथा महाविजय की है, तमाम आतंक और हिंसा के मामले में सहिष्णु होने के उलट मोदी युग अब 'जीरो टॉलरेंस' का है। पिछले एक दशक में दुनिया ने यह देखा है कि भारत अब मार खाना नहीं, बल्कि भीतर-बाहर के उपद्रवियों-आतंकियों के घर में घुस कर मारना जानता है। वह देश के खिलाफ आंखें तरेरने वालों की आंखें फोड़ देने, भारत के विरुद्ध उठे 'हाथ' को मरोड़ कर उसे केहुनी से उखाड़ देने का माद्दा रखता है। निश्चित ही संघर्ष विराम भी प्रत्याक्रमण और उसके बाद की एक नीति होती है, जिसे 'फेक नैरेटिव' के शिकार लोगों को भी समझना होगा। न तो कोई युद्ध कभी अंतिम होता है, न ही कोई सशर्त संघर्ष विराम ही स्थायी होता है।

# प्रत्याक्रमण के बाद की नीति संघर्ष विराम

भारत अभी-अभी इतिहास के एक ऐसे मोड़ से गुजरा है जिसकी धमक सदियों तक सुनाई देगी। भारत के इतिहास की गाथाओं के उलट यह गाथा महाविजय की है, तमाम आतंक और हिंसा के मामले में सहिष्णु होने के उलट मोदी युग अब 'जीरो टॉलरेंस' का है। पिछले एक दशक में दुनिया ने यह देखा है कि भारत अब मार खाना नहीं, बल्कि भीतर-बाहर के उपद्रवियों-आतंकियों के घर में घुस कर मारना जानता है। वह देश के खिलाफ आंखें तरेरने वालों की आंखें फोड़ देने, भारत के विरुद्ध उठे 'हाथ' को मरोड़ कर उसे केहुनी से उखाड़ देने का माद्दा रखता है। नेतृत्व अब राष्ट्र के विरुद्ध दुष्प्रचार में रत 'हैण्डलरों' से भी निपट कर, फेक न्यूज के तमाम कुहासे को चीर कर राष्ट्रीयता का प्रकाश बिखेरने का काम करने लगा है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जीवन के सबसे सुन्दर क्षण बिता रहे लोगों के जीवन के विरुद्ध जैसी कायराना हरकत आतंकियों ने की, जिस तरह बच्चों के जीवन में बारूद घोलने का नृशंस कार्य सीमा पार से किया गया, जैसे धर्म पूछ-पूछ कर हत्याएं की गयी, जैसे उन सुहागनों का सिन्दूर भी उजाड़ दिया गया जिसकी मेहंदी का रंग भी अभी फीका नहीं पड़ा था, ऐसे आदमखोरों के खिलाफ 'ऑपरेशन सिन्दूर' के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश पर हमारे वीर जवानों ने वास्तव में कहर ढाया है। जिस तरह हमारी मिसाइलों ने आतंकियों का खानदान तबाह कर दिया है, जैसे आज पाकिस्तान की घुड़कियों का जवाब दिया गया है, उसने भारत को उसके इतिहास के सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया है। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम सन्देश में कहा भी कि —व्यापार और आतंक, बातचीत और हिंसा एक साथ नहीं चल सकते, खून और पानी एक साथ नहीं बहने दिया जाएगा। आतंकियों को उचित दंड देने के बाद शरण में आये पाकिस्तान को अस्थायी अभयदान भी इस शर्त के साथ दिया गया है कि आगे भारत की ओर वह आंख उठाने का दुस्साहस नहीं करेगा। अगर करेगा तो उसे भारत के विरुद्ध युद्ध समझते हुए इससे भी अधिक कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसी कारवाई जिसे उस असभ्य देश की पुश्तें याद रखेंगी। सूचना तकनीक के इस युग में युद्ध केवल हथियारों से नहीं लड़े जाते, आज 'प्रचार युद्ध' भी सामरिक विषय का एक आवश्यक अंग हो गया है। इस युद्ध में तमाम भारत विरोधियों ने, मोदी जी से हार और खार खाए, पस्त-परास्त विरोधियों ने बाहर-भीतर मोर्चा सा खोल दिया था। ऐसी-ऐसी झूठी खबरें, फेक नैरेटिव रचे गए जिसका कोई सानी नहीं है। विपक्ष प्रायोजित एजेंडे ने भी इस युद्ध में हमें शर्मसार किया है। हमले के बाद जब प्रत्याक्रमण की तैयारी चल रही थी, तब बार-बार दिन-रात यह कहना कि युद्ध हो क्यों नहीं रहा है, जब भारत ने आतंकी ठिकानों पर आक्रमण किया और पाकिस्तान ने उसे खुद पर हमला समझते हुए युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न कर दी, तब उसे परोक्ष समर्थन देते हुए युद्ध नहीं करने संबंधित तमाम पोस्ट लिखना, फिर संघर्ष विराम (युद्ध विराम नहीं) के बाद युद्धोन्माद फैलाने की साजिश, अपने देश और नेतृत्व को नीचा दिखाने के ऐसे-ऐसे षड्यंत्र किये गए जिसे सोच कर शर्म भी शर्मसार हो गया है। किंतु लाख कूट रचना के बावजूद पीएम मोदी के राष्ट्र के नाम सन्देश ने देश में उत्साह और शौर्य का, भरोसे का संचार कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी पर आंख मूंदकर भरोसा कायम रखने के हजार कारण है। हर बार मां भारती के ये सपूत हमारे भरोसे पर खरे उतरे भी हैं। देश के भीतर के तटस्थ आलोचकों को भी यह समझना होगा। एक आम नागरिक के पास जितनी सूचनायें होती हैं, उससे सौ गुना अधिक जानकारी सरकार के पास होती ही है। हमें अपनी अधकचरी जानकारी के आधार पर कुछ भी प्रतिक्रिया देने या मन बना लेने का स्वभाव छोड़ना होगा। आज भारत के पास जैसा नेतृत्व है, वैसा किसी भी कालखंड में नहीं रहा है। आज भारत में श्रेष्ठतम सरकार है, निर्विवाद रूप से श्रेष्ठतम प्रधानमंत्री हैं नरेंद्र मोदी। भारत अत्यधिक विविधता पूर्ण और क्लिष्ट देश है। इसे समझना और सबको साथ लेकर, चारों तरफ दुश्मनों से घिरे रहने के बावजूद सर उठाकर चलना, फिर भी समृद्धि और शांति का टापू बने रहना ऐसी उपलब्धि है, जिसका वर्णन इतिहास करेगा। हमने महामारी जैसी स्थिति भी देखी है, जिसमें जिस सूझ-बूझ के साथ निपट कर जन-धन को सुरक्षित रखा गया, उसकी कल्पना भी नहीं थी। उन्हें भी अपनों का साथ और विश्वास चाहिए होता है। आप कुछ भी न करें, बस भरोसा बनाये रखें, तो भी काफी होगा। सत्य हमारे साथ है तो हम जीतेंगे ही। भारत अब पीछे मुड़ कर देखने वाला नहीं है। हमें यह समझना होगा कि युद्ध वास्तव में शांति की मां है। युद्ध की कोख से ही शांति का जन्म होता है। जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा भी है 'यह देश बुद्ध का है और गुरु गोविन्द सिंह जी का भी है।' सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं। युद्ध उस दिन ही नहीं होते, जिस दिन होते हैं। युद्ध की तैयारियां युद्ध स्तर पर चलती रहती हैं हमेशा। युद्ध तो महज परीक्षा है इस बात की कि आपने कितनी तैयारी की शांतिकाल में। कितना युद्धरत रहे आम आदमी की तरह। युद्ध मानव जीवन का अभिन्न अंग है। आप रह ही नहीं सकते युद्ध के बिना। स्वयं से लेकर परम तक, आपको हमेशा युद्धरत रहना होता है, व्यष्टि से समष्टि तलक। निश्चित ही संघर्ष विराम भी प्रत्याक्रमण और उसके बाद की एक नीति होती है, जिसे 'फेक नैरेटिव' के शिकार लोगों को भी समझना होगा। न तो कोई युद्ध कभी अंतिम होता है न ही कोई सशर्त संघर्ष विराम ही स्थायी होता है। संघर्ष विराम बहुधा कृष्ण का शांति प्रस्ताव के जैसा भी होता है, ताकि इतिहास यह न कह सके कि शांति की कोई भी कोशिश छोड़ी गयी। पहलगाम के बाद लगातार चले प्रकरण का हमारे लिए संदेश यही है कि अगर आप शांति से रहना चाहते हों, जो कि हर सनातनी सदा चाहता है, तो आपको युद्ध हेतु सर्वदा कमर कसे बलिदान हेतु तत्पर रहना होगा। युद्ध नहीं होना इस बात की गारंटी कतई नहीं है कि आप जीवन भर जीवित ही रहेंगे।

धर्म युद्ध वास्तव में शांति की मां हैं। विश्व के इतिहास की सभी गाथायें वास्तव में युद्धों की गाथा ही तो हैं। हमारे सभी भारतीय वाङ्मय अंततः बुराई के विरुद्ध युद्ध की कथा के अलावा और है क्या? निस्संदेह सशर्त संघर्ष विराम भी उसी युद्ध का एक उपकरण है। आज भारत के पास जो दैवदुर्लभ नेतृत्व है, उसने अपना सारा जीवन संघर्ष और युद्ध की परिस्थिति से ही गुजार कर कुंदन बनाया है। देश के हर ऐसे नागरिक को, जिनका भारत की 'सक्सेस स्टोरी' में विश्वास है, उन्हें यह गौरव बोध बना कर रखना होगा। इस मोड़ पर कथित तटस्थ दिखने वाले लोगों को भी सोचना होगा कि उन्हें अपना पक्ष चुनना ही होगा। जैसा दिनकर ने कहा है :-

किसने कहा, युद्ध की बेला चली गयी, शांति से बोलो?
किसने कहा, और मत बेधो हृदय वह्नि के शर से,
भरो भुवन का अंग कुंकुम से, कुसुम से, केसर से?
समर शेष है, नहीं पाप का भागी केवल व्याध
जो तटस्थ हैं, समय लिखेगा उनके भी अपराध।
जय हिन्द की सेना। जय हिन्द।

(लेखक छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

ऑपरेशन सिंदूर
आशीष वशिष्ठ



# दुनिया को समझना होगा, भारत का 'न्यू नॉर्मल'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में पाकिस्तान को स्पष्टतः चेता दिया कि अगर हमारे भारत की ओर आंख उठाकर भी देखा तो वो हश्र होगा कि दुनिया याद करेगी। राष्ट्र के नाम संदेश के अगले दिन पीएम ने आदमपुर एयरबेस पहुंचकर जवानों का उत्साह और मनोबल बढ़ाया। आदमपुर में प्रधानमंत्री के साथ समवेत स्वर में जब जवानों ने भारत माता की जय का उद्घोष किया तो उस निनाद की गूंज और प्रतिध्वनि पाकिस्तान ही नहीं अखिल विश्व ने स्पष्ट तौर पर सुनी। पीएम ने अपने संबोधन में जितनी स्पष्टवादिता, दृढ़ता और विश्वास के साथ सधे और नपे-तुले शब्दों में अपनी बात विश्व के समक्ष रखी है, ऐसा साहस उनका कोई पूर्ववर्ती दिखा नही सका। पाकिस्तान के साथ अब तक हुए चार युद्ध, बालाकोट और उरी स्ट्राइक में उसे इतने गहरे घाव नहीं लगे, जितने ऑपरेशन सिंदूर ने उसे दिये। अपने स्वभाव से विवश पाकिस्तान पहलगाम आतंकी घटना के बाद इसी सोच के साथ रहा होगा, भारत प्रत्युत्तर में अधिक से अधिक एयर स्ट्राइक या उरी जैसा आक्रमण करेगा। लेकिन उसके अनुमान और विचार धरे के धरे रह गए। भारत ने जो विध्वंस ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से मचाया, उसकी कल्पना भी आतंकियों और उनके जन्मदाताओं एवं शरणदाताओं की कल्पना से भी परे थी। भारत ने लड़ाई के मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने जैसा ऐतिहासिक और साहसी कदम भी उठाया। जम्मू कश्मीर में धारा 370 को खत्म करने जैसे बड़े कदम उठाने के बाद भी पाकिस्तान भारत को हल्के में लेता रहा। वास्तव में त्रुटि पाकिस्तान की नहीं, हमारी ही रही। हमारे देश के भीतर एक ऐसी मंडली है, जिनके हृदय में भारत से अधिक पाकिस्तान के लिये प्रेम, पक्षपात और दया भावना उछाल मारती है। यही मंडली हर आतंकी घटना के बाद भारत पाकिस्तान के विरुद्ध कड़े कदम उठाने का प्रपंच और स्वांग रचती है। प्रोपेगेंडा करने और नैरेटिव गढ़ने में इस मंडली को महारत प्राप्त है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी ये मंडली सक्रिय हो गई थी। वो अलग बात है कि इस बार यह अपना एजेंडा चलाने में सफल नहीं हुई। पीएम मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति का समर्थन पाकर हमारे वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को उदाहरण के साथ अच्छे से समझा दिया है कि अब खेल बदल चुका है। खेल के खिलाड़ी बदल चुके हैं। भारत की सत्ता जिनके हाथों में हैं, उनका नारा नेशन फर्स्ट का है। ऑपरेशन सिंदूर के रूप में भारत ने न केवल आतंक के पोषक और जनक पाकिस्तान को करारा उत्तर दिया, बल्कि एक नया सैन्य और रणनीतिक सिद्धांत स्थापित कर दिया। 7 से 10 मई के बीच चार दिनों तक चले इस सीमित, लेकिन तीव्र सैन्य अभियान ने न केवल पाकिस्तान को सैन्य रूप से झकझोर कर रख दिया, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की साख, क्षमता और इच्छाशक्ति का ऐसा प्रदर्शन किया जो दशकों में पहली बार देखा गया। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंक के विरूद्ध अब वह चुप नहीं बैठेगा, घर के भीतर घुसकर मारेगा। पहलगाम घटना के बाद भारत ने बातें नहीं की, डोजियर सौंपने की तैयार नहीं की, सीधे घर में घुसकर मारा, सीधे एक्शन लिया। पाकिस्तान के अंदर घुसकर 15 से अधिक आतंकियों और सेना से जुड़े ठिकानों को नष्ट भ्रष्ट कर दिया। भारत ने केवल आतंकी ठिकानों पर नहीं, उनके ड्रोन कंट्रोल सेंटर और एयरबेस तक को निशाना बनाया। ये दिखाने के लिए कि अगर आवश्यकता पड़ी, तो भारत सीधे उनके सीने तक पहुंच सकता है। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य ना राष्ट्र पर आधिपत्य की कामना थी, ना किसी सरकार को गिराने या परिवर्तन की। एकमात्र बात विश्व को बतानी थी कि यदि भारत पर आक्रमण हुआ, तो उत्तर अवश्य मिलेगा और ऐसा मिलेगा कि पुनः सोचने पर विवश कर देगा। अब भारत की लड़ाई का ढंग परिवर्तित हो गया है। यह केवल अस्त्र-शस्त्र नहीं दिखाता, यह बताता है कि कब, कहां और कैसे उनका प्रयोग करना है। यह एक नया भारत है- जो केवल निनाद नहीं उठाता, अब प्रभाव और धमक भी दिखाता है। अब भारत प्रतिक्रिया में नहीं चलता, कर्मण्यता पर विश्वास करता है और नई दिशा तय करता है। यह परिवर्तन केवल एक रणनीति नहीं है, ये मानसिकता का परिवर्तन है। इसलिए पीएम मोदी ने आदमपुर एयर बेस में कहा कि, 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत का 'न्यू नॉर्मल' है। यही मानसिक परिवर्तन भारत का 'न्यू नॉर्मल' है। और इस 'न्यू नॉर्मल' को अखिल विश्व जितनी जल्दी समझेगा, वो उसके और शेष दुनिया के लिए हितकारी, सुखप्रद और शांतिप्रद होगा।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित
दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो।

## राजा हैं, फिर भी घमंडी ना बनें



संकलित
प्रेरणा

एक राज्य में एक राजा रहता था जो बहुत घमंडी था। उसके घमंड के चलते आस पास के राज्य के राजाओं से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। उसके घमंड की वजह से सारे राज्य के लोग उसकी बुराई करते थे। एक बार उस गाँव से एक साधु महात्मा गुजर रहे थे उन्होंने भी राजा के बारे में सुना और राजा को सबक सिखाने की सोची।साधु तेजी से राजमहल की ओर गए और बिना प्रहरियों से पूछे सीधे अंदर चले गए। राजा ने देखा तो वो गुस्से में भर गया। राजा बोलाः ये क्या उदण्डता है महात्मा जी, आप बिना किसी की आज्ञा के अंदर कैसे आ गए? साधु ने विनम्रता से उत्तर दियाः मैं आज रात इस सराय में रुकना चाहता हूँ। राजा को ये बात बहुत बुरी लगी वो बोलाः महात्मा जी ये मेरा राज महल है कोई सराय नहीं, कहीं और जाइये। साधु ने कहाः हे राजा, तुमसे पहले ये राजमहल किसका था? राजाः मेरे पिताजी का, साधुः तुम्हारे पिताजी से पहले ये किसका था? राजाः मेरे दादाजी का। साधु ने मुस्करा कर कहाः हे राजा, जिस तरह लोग सराय में कुछ देर रहने के लिए आते है वैसे ही ये तुम्हारा राज महल भी है जो कुछ समय के लिए तुम्हारे दादाजी का था, फिर कुछ समय के लिए तुम्हारे पिताजी का था, अब कुछ समय के लिए तुम्हारा है, कल किसी और का होगा। ये राजमहल जिस पर तुम्हें इतना घमंड है ये एक सराय ही है जहाँ एक व्यक्ति कुछ समय के लिए आता है और फिर चला जाता है। साधु की बातों से राजा इतना प्रभावित हुआ कि सारा राजपाट, मान सम्मान छोड़कर साधु के चरणों में गिर पड़ा और महात्मा जी से क्षमा मांगी और फिर कभी घमंड ना करने की शपथ ली।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### संघर्षविराम के मायने

10 मई 2025 की शाम जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं तो दुनिया ने राहत की सांस ली। कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाइयों ने न केवल सीमा पार आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया था, बल्कि युद्ध के बादल गहराने की आशंकाओं के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता पैदा कर दी थी। अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में संघर्षविराम के विभिन्न कारण बताए जा रहे हैं। बहरहाल, इससे भारत के वैश्विक कूटनीतिक कद को नई ऊंचाई मिली है। संघर्षविराम को भारत की रणनीतिक विजय माना जा रहा है। शेयर बाजार में भी हरियाली छा गई है। लोगों के कारोबार-व्यापार चल पड़े हैं।

*- महेश कौशिक, बलौदा बाजार*

## ट्रेंड

### नक्सलमुक्त होगा भारत



सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के विरुद्ध अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशन में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के कुर्रगुट्टालू पहाड़ (केजीएच) पर 31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया। मैं देशवासियों को पुनः विश्वास दिलाता हूँ कि 31 मार्च 2026 तक भारत का नक्सलमुक्त होना तय है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### गहरी संवेदनाएं



पंजाब बॉर्डर पर तैनात गांव समसपुर (चरखी दादरी) निवासी, हरियाणा के वीर सपूत मनोज फोगाट देश की सेवा करते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए। यह देश सदैव उनके बलिदान को याद रखेगा। मैं शहीद के परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूँ।

-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा


### मानवता के दुश्मन



पहलगाम की बर्बरपूर्ण आतंकवादी घटना करने वाले एवं उसका समर्थन करने वाले सिर्फ हमारे देश के ही दुश्मन नहीं बल्कि वे मानवता के दुश्मन हैं, उन्हें सबक सिखाना जरूरी हैं।

-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र

### एचएएल हवाई अड्डा



बेंगलुरु में भारी यातायात प्रवाह और दूर केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे से कुछ यातायात को स्थानांतरित करने की बढ़ती मांग को देखते हुए, नागरिकों के लिए एचएएल हवाई अड्डे को फिर से खोलना उचित है।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में भारतवंशी ने मुफ्त परोसा भोजन



भारतीय मूल की एक पूर्व शिक्षिका और उनके परिवार ने सिंगापुर के लिटिल इंडिया क्षेत्र में पिछले कुछ सालों में लाखों प्रवासी श्रमिकों को निशुल्क भोजन परोसा है। उन्होंने वर्ष 2018 में एक सूप किचन की स्थापना की थी। इसमें अब तक प्रवासी श्रमिकों, मुख्य रूप से भारत और बांग्लादेश से आए लोगों को एक करोड़ से अधिक बार भोजन परोसा जा चुका है। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' में प्रकाशित एक आलेख के अनुसार, लता गोविंदसामी और उनके परिवार ने देखा कि लिटिल इंडिया में प्रवासी कार्मिकों को शुद्ध, पारंपरिक और पौष्टिक भारतीय भोजन मिलना मुश्किल और महंगा था। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने 'कृष्णा फ्री मील्स' नाम से एक सूप किचन शुरू किया, जहां कामगारों को निःशुल्क नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन उपलब्ध कराया जाता है। कोविड-19 महामारी के दौरान कई स्वयंसेवक और शुभचिंतक इस प्रयास में शामिल हुए और उन्होंने आर्थिक मदद दी। स्वयं श्रमिक भी सूप किचन के संचालन में छोटी-छोटी राशि देकर योगदान करने लगे। गोविंदसामी ने कहा, मेरी दो बहनें, उनके पतियों और मैंने यह पहल इसलिए शुरू की क्योंकि हमारे माता-पिता ने हमें सिखाया था कि भोजन बांटने से लोगों के बीच स्नेह और अपनापन बढ़ता है।

## ऑफ बीट

# मंगल के धूल भरे लाल मैदान के नीचे रहस्य



इस बात के प्रमाण बढ़ रहे हैं कि मंगल के धूल भरे लाल मैदानों के नीचे एक रहस्य छिपा है, जो लाल ग्रह के बारे में हमारे नज़रिए को फिर से परिभाषित कर सकता है : इसमें पानी का एक विशाल भंडार है, जो पृथ्वी की सतह में गहराई तक है। मंगल ग्रह पर प्राचीन जल निकायों के निशान हैं। लेकिन जब ग्रह ठंडा और शुष्क हो गया तो यह सब कहां चला गया, इसकी पहेली ने वैज्ञानिकों को लंबे समय से उलझन में डाल रखा है। नासा के 'इनसाइट' मिशन से भूकंप संबंधी आंकड़ों का उपयोग करते हुए, इस बात के प्रमाण खोजे हैं कि भूकंपीय तरंगें सतह से 5.4 से 8 किलोमीटर नीचे की परत में धीमी हो जाती हैं, जो इन गहराईयों में तरल पानी की मौजूदगी के कारण हो सकता है। मंगल हमेशा से वैसा बंजर रेगिस्तान नहीं था जैसा हम आज देखते हैं। अरबों पहले, नोआचियन और हेस्पेरियन काल (4.1 अरब से 3 अरब साल पहले) के दौरान, नदियों ने घाटियां बनाईं और वहां झीलें चमकती थीं। नोआचियन और हेस्पेरियन काल मंगल ग्रह के भूगर्भिक इतिहास के दो महत्वपूर्ण कालखंड हैं। नोआचियन काल में, मंगल ग्रह बड़े और छोटे दोनों तरह के गड्ढों से ढका हुआ था। हेस्पेरियन काल के दौरान, नोआचियन सतह पर और छोटे गड्ढे जमा हो गए।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### लोकप्रिय ऐप से कर सकते हैं दिल्ली मेट्रो के टिकट बुक



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) में शामिल होने वाली देश की पहली शहरी परिवहन प्रणाली बन गई है, जिससे उपयोगकर्ता 10 से अधिक लोकप्रिय ऐप के माध्यम से टिकट बुक कर सकेंगे। औसतन 65 लाख यात्रियों के दैनिक सफर करने के साथ, यह एकीकरण एक यात्री-अनुकूल, अंतर-संचालनीय डिजिटल गतिशीलता को बढ़ावा देगा।

### हाई कोर्ट से निगम को मिली जमानत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने कन्नड़ समुदाय के कथित तौर पर अपमान करने के मामले में सिंगर



सोनू निगम को राहत दी है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी, लेकिन उन्हें जांच में सहयोग होगा। सोनू निगम ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को रद्द कराने के लिए हाई कोर्ट में याचिका दी थी।

### टीएमसी विधायक तापस साहा की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के एक विधायक की मौत की खबर है। सीएम ममता बनर्जी ने भी विधायक की मौत



पर शोक व्यक्त किया है। विधायक का नाम तापस साहा है वे टीएमसी से विधायक थे। गुरुवार को मस्तिष्काघात से कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया है। वे 66 साल के थे। मंगलवार अचानक से बेहोश हो गए, जिसके बाद अस्पताल ले जाया गया।

### सीएम शर्मा को जान से मारने की धमकी

**जयपुर।** राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी नीरज के.



पवन को एक धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। जयपुर के एक क्रिकेट स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। राज्य में उच्च स्तरीय सुरक्षा अलर्ट जारी कर दिया गया है।'दिविज प्रभाकर' ने एक ईमेल खाते से यह ईमेल भेजा था।

### दिल्ली में दिनदहाड़े चलीं कई राउंड गोलियां

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के पॉश इलाके साउथ दिल्ली के मेहरौली गुरुग्राम रोड पर छतरपुर



मेट्रो स्टेशन के नजदीक गुरुवार को दिनदहाड़े फायरिंग का मामला सामने आया है। हथियारबंद बदमाशों ने एक स्कॉर्पियो गाड़ी पर ताबड़तोड़ कई राउंड गोलियां चलाकर सनसनी फैला दी। गाड़ी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसकी हालत चिंताजनक है।

---

### बिहार में बिना परमिशन छात्रावास जाने पर राहुल गांधी पर एफआईआर

# निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू होने तक लड़ाई जारी रहेगी : राहुल गांधी

एजेंसी ⏭ दरभंगा (बिहार)

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू होने तक अपनी लड़ाई जारी रखेगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने बिहार के दरभंगा में आंबेडकर छात्रावास में कांग्रेस के 'शिक्षा न्याय संवाद' कार्यक्रम के तहत छात्रों से बातचीत की। उन्होंने कहा, '' कांग्रेस देश के निजी शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण लागू करने की मांग करती है। हम इस संबंध में सरकार पर दबाव बनाएंगे... हमारी लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक यह हासिल नहीं हो जाता।'' गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा, '' यह सरकार दलितों, अति पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के खिलाफ है।' उन्होंने यह भी मांग की कि केंद्र राष्ट्रव्यापी जातिगत गणना के लिए 'तेलंगाना मॉडल' का पालन करे। कांग्रेस नेता ने कहा, ''केंद्र को यह काम उसी तरह करना चाहिए जिस तरह तेलंगाना सरकार ने किया है।' आंबेडकर छात्रावास में छात्रों से बातचीत करने की अनुमति नहीं मिलने के बावजूद गांधी परिसर में घुसने में कामयाब रहे और उन्होंने छात्रों से बातचीत की।

### बिहार में 7 घंटे रहे, छात्रावास में 12 मिनट तक छात्रों को मंच से संबोधित किया

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गुरुवार को बिहार में 7 घंटे रहे। दरभंगा में प्रशासन की परमिशन के बिना छात्रावास पहुंचे और 12 मिनट छात्रों को मंच से संबोधित किया। बिना परमिशन छात्रावास जाने के लेकर दरभंगा में राहुल गांधी पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक कुमार की ओर से दर्ज कराई गई है। दरभंगा से पटना आने के बाद उन्होंने 400 सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ फुले मूवी देखी। मूवी देखने के बाद कहा, 'अच्छी थी, सभी को देखना चाहिए'। शाम 5.30 बजे राहुल पटना से दिल्ली के रवाना हो गए। इसके पहले उन्होंने दरभंगा में कहा कि, 'मोदी ने डरकर जातीय जनगणना करवाने का ऐलान किया है। लोकसभा में हमने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि आपको जाति जनगणना करानी पड़ेगी।''संविधान को माथे से लगाना पड़ेगा। आपके दबाव से पीएम ने जातीय जनगणना कराने का ऐलान किया। लेकिन वो लोकतंत्र, संविधान और जाति जनगणना के खिलाफ हैं। यह अडाणी-अंबानी की सरकार है।' 'सरकार को प्राइवेट सेक्टर में भी आरक्षण देना चाहिए। प्राइवेट सेक्टर में रिजर्वेशन नहीं मिलने तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी।' एयरपोर्ट पर राहुल गांधी ने मीडिया से बात की और कहा कि, 'मैं यहां



कमजोर वर्गों - पिछड़े वर्ग, दलितों के छात्रों के साथ बातचीत करने आया था, लेकिन उन्होंने मुझे रोकने की कोशिश की और मुझे अनुमति नहीं दी। लेकिन हमारा काम हो गया। सभी को फुले फिल्म देखनी चाहिए, यह बहुत अच्छी है।'

### शो के 400 टिकट बुक नेताओं की एंट्री नहीं

सिटी सेंटर के आईनोक्स मूवी थिएटर के ऑडिटोरियम- 1 में 2.20 बजे से 5.20 बजे तक के शो के लिए 400 टिकट बुक किए गए थे 'फुले' मूवी के शो के लिए स्पेशल पास बांटे गए। इसमें राहुल गांधी की फोटो लगी थी और उन्हें 'सामाजिक न्याय का नायक' बताया गया था। साथ ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की फोटो भी थी। थिएटर में कांग्रेस के कुछ सीनियर लीडर्स के अलावा बाकी नेताओं को एंट्री नहीं दी गई। राहुल ने प्रदेशभर से आए अलग-अलग सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मूवी देखी।

### आपको बोलने नहीं दिया जा रहा

दरभंगा में राहुल ने कहा कि '24 घंटे अत्याचार हो रहा है। आपके खिलाफ पेपर लीक हो रहा है। आपको बोलने नहीं दिया जा रहा है। सही तरीके से जातीय जनगणना होनी चाहिए।' '90 प्रतिशत आबादी के लिए इस देश में कोई



रास्ता नहीं है। सीनियर ब्यूरोक्रेसी में आपके लोग जीरो, डॉक्टर में आपके कितने लोग..जीरो, एजुकेशन सिस्टम में आपके कितने लोग जीरो, मेडिकल सिस्टम के मालिकों को देखो तो जीरो।' 'मनरेगा की लिस्ट देखो तो सारे के सारे लोग आपके हैं। मजदूरों की लिस्ट निकालो तो आपके लोगों से भरी पड़ी है। सारा का सारा धन और ठेकेदारी 8-10 प्रतिशत लोगों के हाथों में जाता है।' 'आपको इधर-उधर की बात सुनाकर ध्यान भटका दिया जाता है। लेकिन आपको एक साथ खड़ा होना है। बिहार की पुलिस ने मुझे रोकने की कोशिश की, लेकिन वे मुझे नहीं रोक पाई, क्योंकि आप सभी की शक्ति मेरे पीछे है। इसलिए दुनिया की कोई शक्ति नहीं रोक पाएगी।' राहुल गांधी ने 3 मांगे भी कीं। उन्होंने कहा- 'देश में सही से जातीय जनगणना हो।

### प्रशासन और कार्यकर्ता हुए आमने-सामने

राहुल गांधी के दरभंगा पहुंचने के पहले पुलिस प्रशासन और कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए थे। राहुल दलित- माइनॉरिटी कम्युनिटी के छात्रों से बातचीत करना चाहते थे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें छात्रावास में बातचीत की परमिशन नहीं दी थी। उन्हें दरभंगा के टाउन हॉल में बातचीत की परमिशन दी गई थी, लेकिन राहुल टाउन हॉल ना जाते हुए पैदल छात्रावास ही पहुंचे। 12 मिनट के संबोधन के बाद सभा खत्म हो गई। इसके पहले राहुल के काफिले को दरभंगा की ललित नारायण मिथिला यूनिवर्सिटी कैंपस से तीन किमी पहले ही रोक दिया गया।

---

### राष्ट्रपति ने पूछा-शीर्ष कोर्ट किस आधार पर यह फैसला दे सकता है?

# सुप्रीम कोर्ट की ओर से समय सीमा तय किए जाने पर राष्ट्रपति मुर्मू ने उठाए सवाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा विधेयक पर फैसला लेने की समय-सीमा तय किए जाने पर काफी कुछ कहा गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर आपत्ति जताई थी। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 8 अप्रैल 2025 को दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सवाल उठाए हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में आदेश दिया था कि राज्यपालों और राष्ट्रपति को एक तय समय में उनके समक्ष पेश विधेयकों पर फैसला लेना होगा। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर काफी हंगामा हुआ। अब राष्ट्रपति ने इस पर आपत्ति जताई है और कहा कि देश के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, तो सुप्रीम कोर्ट किस आधार पर यह फैसला दे सकता है।

### राज्यपाल की ओर से भेजे गए विधेयक पर राष्ट्रपति को 3 महीने में फैसला लेना होगा

राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से राज्यपाल की शक्तियों, न्यायिक दखल और समय-सीमा तय करने जैसे विषयों पर स्पष्टीकरण मांगा है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में दिए अपने फैसले में कहा था कि राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल की ओर से भेजे गए विधेयक पर राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा। अगर तय समयसीमा में फैसला नहीं लिया जाता तो राष्ट्रपति को राज्य को इसकी वाजिब वजह बतानी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में ये भी कहा कि राष्ट्रपति किसी विधेयक को पुनर्विचार के लिए राज्य विधानसभा के पास वापस भेज सकते हैं। अगर विधानसभा उस विधेयक को फिर से पारित करती है तो राष्ट्रपति को उस पर अंतिम फैसला लेना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति के फैसले की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है। अदालत ने कहा कि अगर राज्यपाल ने मंत्रिपरिषद की सलाह के खिलाफ जाकर फैसला लिया है तो सुप्रीम कोर्ट के पास उस विधेयक को कानूनी रूप से जांचने का अधिकार होगा।

---

### जारी हुआ वार्षिक कैलेंडर

## यूपीएससी सीएसई प्रीलिम्स 24 मई, मेंस 21 अगस्त को

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने 2026 में होने वाली यूपीएससी की महत्वपूर्ण भर्ती का वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया है। यूपीएससी कैलेंडर के अनुसार, सिविल सेवा (प्रारंभिक) 2026 24 मई 2026 को आयोजित की जाएगी और मुख्य परीक्षा 21 अगस्त 2026 से शुरू होगी। उम्मीदवार, यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 2026 का एग्जाम कैलेंडर चेक और डाउनलोड कर सकते हैं, ताकि उचित समय पहले यूपीएससी भर्ती परीक्षा की तैयारी कर सकें। यूपीएससी वार्षिक परीक्षा कैलेंडर में सिविल सेवा (प्रारंभिक और मुख्य), एनडीए और एनए, सीडीएस, इंजीनियरिंग सेवा और अन्य सहित प्रमुख भर्ती परीक्षाओं के कार्यक्रम का विवरण दिया गया है। एनडीए और एनए (I) और सीडीएस (I) परीक्षाएं 12 अप्रैल 2026 को निर्धारित हैं।

## सपा महासचिव रामगोपाल यादव ने विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर 'जातिसूचक' टिप्पणी की

■ मुख्यमंत्री योगी और बसपा अध्यक्ष मायावती ने बयान की कड़े शब्दों में निंदा की

**लखनऊ (भाषा)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव रामगोपाल यादव पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर भारतीय सेना द्वारा 'आपरेशन सिंदूर' के तहत की गयी कार्रवाई की प्रेस को जानकारी देने के बाद से चर्चा में आयीं विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर 'जातिसूचक' टिप्पणी करके विवादों में आ गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने रामगोपाल यादव के इस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है। सपा के प्रमुख महासचिव रामगोपाल यादव ने मुरादाबाद में एक कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का जिक्र करते हुए कहा, ''कर्नल कुरैशी को इनके (भाजपा) एक मंत्री ने गाली दे दी। उच्च न्यायालय ने उन पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश किया है, लेकिन व्योमिका सिंह के बारे में उन्हें मालूम नहीं था कि वह कौन हैं और ना ही वे एयर मार्शल ए. के. भारती के बारे में जानते थे, वरना यह लोग उन्हें भी गाली देते।'' यादव ने कहा, ''मैं आपको बता दूं। व्योमिका सिंह हरियाणा की जाटव हैं और एयर मार्शल भारती पूर्णिया के यादव हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने मत्स्य पालन क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक की अध्यक्षता की

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को स्मार्ट बंदरगाहों और बाजारों के माध्यम से मत्स्य पालन क्षेत्र के आधुनिकीकरण तथा पकड़ी गई मछलियों की ढुलाई और विपणन के लिए ड्रोन के उपयोग पर जोर दिया। गहरे समुद्र में मछली पकड़ने और समुद्री उत्पाद निर्यात पर ध्यान केंद्रित करते हुए मत्स्य पालन क्षेत्र की प्रगति और भविष्य की योजनाओं की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर करने के लिए कार्य करने की एक स्वस्थ प्रणाली की ओर बढ़ने की आवश्यकता है। एक बयान में कहा गया कि मोदी ने नागरिक उड्डयन अधिकारियों के परामर्श से उत्पादन केंद्रों से शहरों और कस्बों के नजदीकी बाजारों तक ताजी मछली की ढुलाई के लिए तकनीकी प्रोटोकॉल के अनुसार ड्रोन का उपयोग करने का भी आह्वान किया।

### सोना 1800 रुपये गिरकर 95,050 रुपये प्रति 10 ग्राम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 1,800 रुपये गिरकर 95,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये गिरकर 94,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। बुधवार को 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 96,850 रुपये और 96,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अबंस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, निवेशकों के सुरक्षित-संपत्तियों से दूर जाने के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आ रही है। अमेरिका और चीन के बीच 90 दिन के लिए शुल्क कम करने पर सहमति बनने से बड़े पैमाने पर व्यापार युद्ध की आशंकाओं को कम कर दिया है।'' चांदी की कीमतों में भी लगातार चौथे दिन गिरावट जारी रही, जो 1,000 रुपये घटकर 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले बाजार सत्र में चांदी 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### सेंसेक्स 1,200 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,000 अंक पार

**मुंबई।** चौतरफा लिवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,200 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी सात महीने बाद फिर से 25,000 अंक के पार पहुंच गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,200.18 अंक यानी 1.48 प्रतिशत उछलकर सात महीने के उच्चस्तर 82,530.74 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 29 शेयर लाभ में रहे। सूचकांक कारोबार के पहले चरण में सीमित दायरे में रहा। लेकिन दोपहर कारोबार में बैंक, वाहन, आईटी तथा तेल एवं गैस शेयरों में अच्छी लिवाली से बाजार में तेज बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स एक समय 1,387.58 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 395.20 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ सात महीने के उच्चस्तर 25,062.10 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, 15 अक्टूबर, 2025 को निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर बंद हुआ था। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू मुद्रास्फीति में गिरावट और भारत के साथ संभावित व्यापार समझौते के बारे में अमेरिका से सकारात्मक संकेतों के कारण बाजार में जोरदार तेजी आई और यह अच्छी बढ़त के साथ बंद हुआ।'


**भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड**
(जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार)
मुख्यालयः एनएसआईसी बिजनेस पार्क, एनएसआईसी एस्टेट, ओखला फेज-III. ओखला औद्योगिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110020
ट्राईफेड TRIFED

**रुचि की अभिव्यक्ति**
REF: TRIFOOD/0&M/2025

जनजातीय कार्य मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) ने "ट्राइफूड" इकाई, जो की खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना के अंतर्गत बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज के सृजन से लघु वन उपज के मूल्य संवर्धन के लिए एक एमएफपी प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की गई है।
ट्राइफेड जगदलपुर, छत्तीसगढ़ में ट्राइफूड इकाई के संचालन एवं प्रबंधन के लिए ऑपरेटर के रूप में कार्य करने हेतु प्रतिष्ठित निजी/सरकारी एजेंसियों से रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है।

| क्रम संख्या | विवरण | तारीख |
|---|---|---|
| 1. | प्रकामान की तिथि | 16.05.2025 |
| 2. | जमा करने की अंतिम तिथि | 16.06.2025 (4:00 PM) |
| 3. | ईओआई प्रसंस्करण शुल्क (वापसी योग्य नहीं) | Rs 5,000/- (मात्र पांच हजार रुपये) |
| 4. | बोली-पूर्व बैठक | 28.05.2025 |
| 5. | तकनीकी बोली खोलना | 16.06.2025 (5:00 PM) |

निविदा दस्तावेज https://trifed.tribal.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं।
GM(I/C), CAD
cbc43104/12/0003/2526



**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ द्वारा गांव ढाणी बाठोठा, खण्ड नारनौल, जिला महेन्द्रगढ़ में एक द्विवसीय फिल्ड-डे कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का विषय "खुले खेत में बागवानी फसलों की खेती" रहेगा। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय श्री ओमप्रकाश यादव, विधायक, नारनौल रहेगें। इस दौरान विषय से संबंधित सभी जानकारी विस्तारपूर्वक प्रदान की जाएगी। इस कार्यकम में 200 किसानों द्वारा भाग लिया जाना निश्चित हुआ है। इस कार्यकम में बागवानी विभाग, हरियाणा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, महेन्द्रगढ़ के अधिकारीगण एवं तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा उपरोक्त विषय पर तकनीकी जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही उद्यान विभाग, हरियाणा द्वारा किसानों के प्रोत्साहन के लिए चलाई जा रही विभिन्न किसान कल्याणकारी स्कीमों की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। जिससे किसान नवीनतम बागवानी तकनीक से रूबरू हो सकें। एक द्विवसीय फिल्ड-डे कार्यकम का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| क्रं. सं. | दिनांक का विषय | फिल्ड-डे कार्यकम | स्थान |
|---|---|---|---|
| 01 | 16.05.2025 | खुले खेत में बागवानी फसलों की खेती | गांवः ढाणी बाठोठा (नारनौल) |

इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जिला महेन्द्रगढ़ एवं आस-पास के क्षेत्र के किसान दिनांक 16 मई 2025 को प्रातः 08:00 बजे गांव ढाणी बाठोठा, खण्ड नारनौल, जिला महेन्द्रगढ़ में आमंत्रित हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह कार्यालय में दूरभाष न0 01285-244076, 9983414484 पर संपर्क करें।

हस्ता/-उप-निदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह
पीआरडीएच 1149/11/835/2026/34803/88/6 दि. 15.05.2025


---

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बयान के बाद भी एप्पल भारत में निवेश जारी रखेगी!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आईफोन बनाने वाली एप्पल की भारत में निवेश की योजनाएं बरकरार हैं और कंपनी ने देश में अपने उत्पादों के लिए एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र बनाने का



प्रस्ताव रखा है। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के तुरंत बाद, भारतीय अधिकारियों ने अमेरिका के क्यूपर्टिनो स्थित कंपनी के अधिकारियों से बात की। ट्रंप ने बयान में कहा कि उन्होंने एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक से भारत में विनिर्माण में कमी करने के लिए कहा है। सूत्र ने कहा, ''एप्पल ने कहा है कि भारत में उसकी निवेश योजनाएं बरकरार हैं और वह भारत को अपने उत्पादों के लिए एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र के रूप में जारी रखने का प्रस्ताव है। इस संबंध में एप्पल को ई-मेल के जरिये भेजे गये सवालों का फिलहाल कोई जवाब नहीं मिला है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, आईफोन के वैश्विक उत्पादन का 15 प्रतिशत भारत से आता है। फॉक्सकॉन, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और पेगाट्रॉन इंडिया (टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के बहुलांश हिस्सेदारी वाली) आईफोन के विनिर्माण में लगी हुई हैं। फॉक्सकॉन ने निर्यात के लिए तेलंगाना में एप्पल एयरपॉड्स का विनिर्माण भी शुरू कर दिया है।

### ट्रंप नहीं चाहते एप्पल भारत में अपने उत्पाद बनाए

इससे पहले, ट्रंप ने कहा कि उन्होंने कुक से बात की और उन्हें बताया कि वह नहीं चाहते कि एप्पल भारत में अपने उत्पाद बनाए और इसके बजाय अमेरिका में उत्पादन बढ़ाए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ''जैसा कि आप जानते हैं, हमारे पास एप्पल है... और कल मुझे टिम कुक के साथ थोड़ी परेशानी हुई। मैंने उनसे कहा, टिम, आप मेरे मित्र हैं। मैंने आपके साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया। आप 500 अरब डॉलर लेकर आ रहे हैं। लेकिन अब मैं सुन रहा हूं कि आप पूरे भारत में विनिर्माण करने जा रहे हैं। मैं नहीं चाहता कि आप भारत में विनिर्माण करें। यदि आप भारत का ख्याल रखना चाहते हैं तो आप भारत में विनिर्माण कर सकते हैं।''


**उद्यान विभाग, हरियाणा**
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनिमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेलः Coemunimpur@gmail.com

**केन्द्र पर गोबर की खाद (Farm Yard Manure) हेतू मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर गोबर की खाद (Farm Yard Manure) सप्लाई हेतु मोहरबंद कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। इस सप्लाई हेतू विस्तरित जानकारी इस प्रकार है।

| क्रं सं० | खाद | विवरण | रेट प्रति टन |
|---|---|---|---|
| 1. | गोबर की खाद (Farm Yard Manure) | अच्छी सडी गली गोबर की खाद | |

कुटेशन जमा करवाने की अंतिम तिथि 22.05.2025 सांय 4 बजे तक है। अधिक जानकारी के लिए बोलीदाता डॉ० हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकता है। केन्द्र की आंकलन कमेटी के द्वारा आंकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आंकलन कमेटी के पास होंगे

हस्ता/-विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।
पीआरडीएच-1149/11/836/2026/34806/88/6 दि. 15.05.2025



**भौतिक कब्जा सूचना**

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय** : सिटी स्क्वेयर, प्रथम तल, प्लॉट नं. 932/935, आईबी कॉलिज के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत-132103
**शाखा कार्यालय** : एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्केट, यूई-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001
चूंकि
अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।
चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित तिथियों को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।
कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अजय झा (कर्जदार), नीतू देवी (सह-कर्जदार), LHPNP00001321993. | खेवट नं. 310, तहसील समालखा, जिला पानीपत पानीपत हरियाणा 132103. सीमाएं : उत्तर : गली, 25 फुट, दक्षिण : अन्य प्लॉट, 25 फुट, पूर्व : अन्य प्लॉट 35 फुट, पश्चिम : मकान नानद 35 फुट / कब्जे की तिथि : 14 मई 2025 | 28-05-2021 रु. 8,68,230/- | पानीपत |
| 2. | राजेश कुमार (कर्जदार), कमलेश (सह-कर्जदार), पवन कुमार (सह-कर्जदार), सुमन (सह-कर्जदार), LHHIS00001353932. | पुराना मकान टैक्स यूनिट नं. 141 ए/17, वाका अमर कॉलोनी, हांसी हांसी एनए हांसी-125033 वाली एनए सम्पत्ति। (संदर्भ एलएएन नं. : LHHIS00001353932) सीमाएं : उत्तर : बनवारी लाल का प्लॉट, दक्षिण : बिनोद और पुष्पा का प्लॉट, पूर्व : सूरज भान का प्लॉट, पश्चिम : रोड / कब्जे की तिथि : 14 मई 2025 | 15-03-2023 रु. 2,12,149/- | हिसार |
| 3. | राजेश कुमार (कर्जदार), कमलेश (सह-कर्जदार), पवन कुमार (सह-कर्जदार), सुमन (सह-कर्जदार), LHHNS00001276605. | पुराना मकान टैक्स यूनिट नं. 141 ए/17, वाका अमर कॉलोनी, हांसी हांसी एनए हांसी-125033 वाली एनए सम्पत्ति। (संदर्भ एलएएन नं. : LHHNS00001276605) सीमाएं : उत्तर : बनवारी लाल का प्लॉट, दक्षिण : बिनोद और पुष्पा का प्लॉट, पूर्व : सूरज भान का प्लॉट, पश्चिम : रोड / कब्जे की तिथि : 14 मई 2025 | 15-03-2023 रु. 9,48,983/- | हिसार |
| 4. | राजेश कुमार (कर्जदार), कमलेश (सह-कर्जदार), पवन कुमार (सह-कर्जदार), सुमन (सह-कर्जदार), LHHNS00001276607. | पुराना मकान टैक्स यूनिट नं. 141 ए/17, वाका अमर कॉलोनी, हांसी हांसी एनए हांसी-125033 वाली एनए सम्पत्ति। (संदर्भ एलएएन नं. : LHHNS00001276607) सीमाएं : उत्तर : बनवारी लाल का प्लॉट, दक्षिण : बिनोद और पुष्पा का प्लॉट, पूर्व : सूरज भान का प्लॉट, पश्चिम : रोड / कब्जे की तिथि : 14 मई 2025 | 15-03-2023 रु. 2,76,960/- | हिसार |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।
**दिनांक : 16 मई 2025,**
**स्थान : पानीपत, हांसी**
प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## खबर संक्षेप

### पर्वतारोहण हादसे में भारतीय मूल के 3 लोगों की मौत



**वाशिंगटन।** अमेरिका के वॉशिंगटन राज्य के नॉर्थ कैस्केड्स रेंज में पहाड़ चढ़ने के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में भारतीय मूल के टेक प्रोफेशनल विष्णु इरिगिरेड्डी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। बता दें कि अमेरिका के सिएटल में रहने वाले 48 वर्षीय विष्णु अपने तीन दोस्त टिम गुयेन, ओलेक्जेंडर मार्टिनेंको और एंटन सेलिएख के साथ नॉर्थ अर्ली विंटर्स स्पायर पर चढ़ाई कर रहे थे। चढ़ाई के दौरान मौसम खराब होते देख समूह ने वापस लौटने का फैसला किया।

### तटरक्षक बल के लिए विकसित की समुद्री जल से नमक हटाने की स्वदेशी तकनीक

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने एक बड़ी खोज की है। इस खोज के तहत डीआरडीओ ने विलवणीकरण यानी समुद्री जल से नमक निकालने की स्वदेशी प्रक्रिया विकसित की है। इस प्रक्रिया का लाभ विशेष रूप से भारतीय तटरक्षक बल के जहाजों को मिलेगा। डीआरडीओ ने समुद्री जल विलवणीकरण के लिए स्वदेशी नैनोपोरस मल्टीलेयर्ड पॉलीमेरिक झिल्ली को तैयार किया है। डीआरडीओ की कानपुर स्थित प्रयोगशाला, रक्षा सामग्री भंडार और अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए इसे विकसित किया है।

### भारत-पाक के डीजीएमओ ने हॉटलाइन पर बात की

**इस्लामाबाद।** पाक के विदेश मंत्री इसहाक डार ने दावा किया कि पाक और भारत के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने संघर्षविराम पर चर्चा के लिए हॉटलाइन पर बात की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच अब 18 मई को वार्ता होगी। भारत-पाक के बीच 4 दिन तक सीमा पार से ड्रोन व मिसाइल हमलों के बाद संघर्ष रोकने को 10 मई को सहमति बनी थी।

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने बड़ी कामयाबी हासिल की

# अभियान सही दिशा में आगे बढ़ रहा, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति के लिए सरकार प्रतिबद्ध

करेंगुट्टा पहाड़ी क्षेत्र में चलाए गए संयुक्त अभियान में मिली सफलता

प्रधानमंत्री मोदी ने इसे जवानों की सफलता बताया




छत्तीसगढ़ में चलाया जा रहा नक्सल विरोधी अभियान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की। करेंगुट्टा पहाड़ी क्षेत्र में चलाए गए संयुक्त अभियान में सुरक्षा बलों ने महज 21 दिन में 31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सुरक्षा बलों की सफलता दर्शाती है कि नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए हमारा अभियान सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट के जवाब में पीएम मोदी ने एक्स पर कहा कि सुरक्षा बलों की यह सफलता बताती है कि नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने की दिशा में हमारा अभियान सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में शांति की स्थापना के साथ उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## गृहमंत्री शाह ने भी दी बधाई



इस ऐतिहासिक ऑपरेशन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह नक्सलवाद के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा अभियान है, जिसमें 31 नक्सलियों को मार गिराया गया। शाह ने बताया कि जिस कुर्रगुट्टालू पहाड़ पर पहले नक्सलियों का आतंक था, वहां अब गर्व से तिरंगा लहरा रहा है। यह पहाड़ पीएलजीए बटालियन 1, डीकेएसजेडसी, टीएससी और सीआरसी जैसे बड़े नक्सल संगठनों का मुख्यालय था, जहां नक्सलियों को ट्रेनिंग दी जाती थी और हथियार बनाए जाते थे।

### 31 मार्च 2026 तक भारत को नक्सलमुक्त बनाएंगे

शाह ने यह भी बताया कि ऑपरेशन को 21 दिन में पूरा किया गया। खराब मौसम और दुर्गम पहाड़ी रास्तों के बावजूद सीआरपीएफ, एसटीएफ और डीआरजी के जवानों ने बहादुरी से नक्सलियों का सामना किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार 31 मार्च 2026 तक भारत को पूरी तरह नक्सलमुक्त बनाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने देशवासियों को भरोसा दिलाया कि यह लक्ष्य निश्चित रूप से हासिल किया जाएगा।

### कठिन हालातों में जवानों ने किया सामना

गृह मंत्रालय के अनुसार इस महत्वपूर्ण अभियान के दौरान विभिन्न आईईडी विस्फोटों में कोबरा, एसटीएफ और डीआरजी के कुल 18 जवान घायल हुए। सभी घायल जवान अब खतरे से बाहर हैं और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में सर्वोत्तम उपचार प्रदान किया जा रहा है। कुर्रगुट्टालू पहाड़ी की परिस्थितियां बेहद कठिन हैं और वहां दिन का तापमान 45 डिग्री से अधिक होने के कारण अनेक जवान डिहाइड्रेशन के शिकार हुए। इसके बावजूद भी जवानों के मनोबल में कोई कमी नहीं आई और उन्होंने पूरे साहस और जोश के साथ नक्सलियों के विरुद्ध अभियान जारी रखा।

### नक्सलियों का संगठन खत्म किया जाएगा

अभियान का उद्देश्य नक्सलियों की सशस्त्र क्षमता को कम करना, हथियारबंद दस्तों को न्यूट्रलाइज करना, दुर्गम इलाकों से नक्सलियों को हटाना और नक्सलियों के दुर्दांत संगठन को छिन्न-भिन्न करना था।

एफटीए की पीएम स्टार्मर ने की सराहना

# भारत के साथ किया गया है ऐतिहासिक व्यापार समझौता

**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने बुधवार को संसद में भारत के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की सराहना की है और उसे शानदार बताया। स्टार्मर ने विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह इस समझौते समाप्त करना चाहती है। पीएम स्टार्मर हाउस ऑफ कॉमन्स में साप्ताहिक प्रश्नकाल के दौरान जवाब दे रहे थे।



### ब्रिटेन में रोजगार की रक्षा हुई

स्टार्मर ने कहा कि पिछले हफ्ते हमने भारत के साथ ऐतिहासिक व्यापार समझौता किया और अमेरिका के साथ एक प्रमुख समझौता किया, जिससे ब्रिटेन में रोजगार की रक्षा हुई, टैरिफ घटाए गए और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ हुए एफटीए में में कारों पर टैरिफ 10 फीसदी तक घटाए गए हैं, व्हिस्की और जिन पर टैरिफ आधे हो गए हैं और हमारी अर्थव्यवस्था में 4.8 अरब पाउंड का योगदान हो रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट ने 5 एकड़ जमीन मंदिर को दी, ट्रस्ट के नाम होगा पंजीकरण

एजेंसी ▶▶ वृंदावन

यहां के बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 5 एकड़ जमीन अधिग्रहण को दी मंजूरी दे दी है। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को मंदिर के 500 करोड़ रुपए से कॉरिडोर के लिए मंदिर के पास 5 एकड़ जमीन अधिग्रहित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। अदालत ने शर्त लगाई कि अधिग्रहित भूमि देवता के नाम पर पंजीकृत होगी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने संशोधित किया। हाईकोर्ट ने मंदिर के आसपास की भूमि को अपने धन का उपयोग करके खरीदने पर रोक लगा दी थी।



### मंदिर की सावधि जमा राशि के उपयोग की अनुमति भी दी

जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस एससी शर्मा की पीठ ने कॉरिडोर के लिए राज्य सरकार की 500 करोड़ रुपए की विकास योजना की जांच करने के बाद बांके बिहारी मंदिर की सावधि जमा राशि के उपयोग की अनुमति दे दी। पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य ने कॉरिडोर विकसित करने के लिए 500 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वहन करने का बीड़ा उठाया है, हालांकि वे संबंधित भूमि खरीदने के लिए मंदिर के धन का उपयोग करने का प्रस्ताव रखते हैं, जिसे हाईकोर्ट ने 8 नवंबर 2023 के आदेश के तहत अस्वीकार कर दिया था।

2 हादसों में 12 लोगों की गई जान

# हरदोई में ट्रक की टक्कर से ऑटो पलटा,7 की मौत



एजेंसी ▶▶ हरदोई

हरदोई जिले के कासिमपुर थाना क्षेत्र में संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे के बाद ऑटो पलट गया, जिसमें दबकर ऑटो सवार 7 लोगों की मौत हो गई। संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर बड़ी संख्या में ऑटो चलते हैं। इसी तरह का एक ऑटो बुरुवार को नौ सवारियां लेकर संडीला की तरफ जा रहा था। हरदलमऊ गांव के पास ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। ऑटो में सवार 7 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि 2 घायलों को अस्पताल भेजा गया है। पुलिस जांच की कार्रवाई में जुटी है।

### मृतकों की हुई शिनाख्त

पुलिस ने मृतकों की शिनाख्त की है, रंजीत (27) ऑटो चालक निवासी बाजरखेड़ा कासिमपुर, निसार (35) निवासी बनवा कछौना, रविंद्र (19) पुत्र नंदराम निवासी ग्राम मलहन खेड़ा थाना कासिमपुर, फूलजहां (28) पत्नी सिराज निवासी ग्राम बेहटा थाना बेहटा मुजावर जनपद उन्नाव, अंकित (20) पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम बहदिन थाना कछौना, बिटान उर्फ पिंकी 30 पत्नी रोहित निवासी ग्राम धतीगढ़ा थाना कासिमपुर और मृतक अयाज (3) पुत्र सिराज निवासी ग्राम बेहटा मुजावर जनपद उन्नाव शामिल हैं।

बिहार से दिल्ली आ रही स्लीपर बस में आग

# चलती बस में 5 लोग जिंदा जल गए

**लखनऊ।** बिहार से दिल्ली आ रही स्लीपर बस में आग लगने से 2 बच्चों समत 5 लोग जिंदा जल गए। यह हादसा उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में तड़के सुबह हुआ। बताया जा रहा है कि हादसे के समय यात्री सोए हुए थे।



हादसे से समय बस ड्राइवर और कंडक्टर ने कूद कर जान बचा ली। बताया जा रहा है कि आग की हालत में बस 1 किलोमीटर तक चलती रही, जिसके चलते आग ने पीछे की सीटों में बैठे यात्रियों को अपनी चपेट में ले लिया। बस में सवार कुछ यात्रियों ने निकलने के लिए आगे के दरवाजे की तरफ भागने की कोशिश की, जबकि कुछ ने खिड़कियों को तोड़कर अपनी जान बचाई। बस में लगा इमरजेंसी गेट भी हादसे के वक्त नहीं खुला। स्लीपर बस में आग लगने की घटना पहले भी कई बार हो चुकी है। लोगों का कहना है कि स्लीपर बसे यात्रियों के लिए चलता फिरता ताबूत बन रही हैं और इसमें सुधार करने की जरूरत है।

## सऊदी अरब में भारतीय राजदूत ने हज यात्रियों के लिए सुविधाओं का निरीक्षण किया

**दुबई (भाषा)।** सऊदी अरब में भारत के राजदूत डॉ सुहेल खान ने बृहस्पतिवार को भारतीय हज यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए बनाए गए सुविधा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस साल के लिए भारत का कुल हज कोटा 1.75 लाख यात्रियों का है। दूतावास ने बताया कि उनके साथ वाणिज्यदूत (हज) मुहम्मद अब्दुल जलील और अन्य समन्वयक भी थे। उन्होंने मक्का में अजीजिया परिवहन की व्यापक समीक्षा की। इसमें कहा गया है, "अजीजिया परिवहन निर्बाध है। भारतीय हज मिशन द्वारा हज यात्रियों को उनके निवास से हरम शरीफ तक 24 घंटे सेवा प्रदान की जाती है।" बुधवार को खान ने पत्नी रिफत खान के साथ जेद्दा हज टर्मिनल पर केरल से आए हज यात्रियों के एक महिला समूह का स्वागत किया।



Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. *Ex-showroom prices of Super Splendor XTEC Drum Brake OBD2B and Xtreme 125R IBS variant are applicable in Gurugram. ^Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *Terms & Conditions apply.

**Authorised Dealers:** Ambala Cantt: Haryana Motors, 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero, 9289922868; Assandh: Sandhu Hero, 9289922815; Bahadurgarh: Satvik Hero, 9289922550; Bhiwani: Jaya Hero, 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero, 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero, 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero, 9289922433; Gohana: Krishna Hero, 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero, 9289922049, Vikrant Hero, 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero, 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero, 9289922050; Jind: National Hero, 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero, 9289922062; Karnal: Nirmal Hero, 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero, 9289922988; Ladwa: Khanna Hero, 9289922063; Mandi Dabwali: Karan Hero, 9289922490; Nuh: Sunil Hero, 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero, 9289922058; Narwana: Narwana Hero, 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero, 9289922877; Panchkula: Regent Hero, 9289923161; Panipat: Kadian Hero, 9289923182, Sahib Hero, 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero, 9289922393; Rewari: Virendra Hero, 9289922060; Rohtak: Shivam Hero, 9289922047; Sirsa: Khanna Hero, 9289923195; Sonipat: Sidak Hero, 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero, 9289922394; Faridabad: Sehgal Hero, 9289922419, Sehgal Hero, NIT, 9289207333, Gurgaon: Himgiri Hero, 9289923046, Autoneeds Hero, 9289922051, Jaasodha Hero, 9289922495, Sharma Hero, Basai Road, Sector 11, 9289923221, Hansi: Sunil Motors, 9821744694.

L&K | SAATCHI & SAATCHI